अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 14°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 20 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 30 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में** खेल



**इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा : ट्रम्प** देश-विदेश

## निजी परिसर में नमाज और धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी परिसर में प्रार्थना या धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अनुच्छेद-25 प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार सभी धर्मों और समुदायों पर समान रूप से लागू होता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने रमजान के दौरान एक स्थल पर नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली सम्भल निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर की।

# ईरान का पलटWAR: इजरायल सहित खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को उड़ाया

## इजरायल के हाइफा शहर में बिजली गुल, सऊदी अरब, कतर व कुवैत पर हमला

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए, इसके तुरंत बाद इजरायल के हाइफा शहर में स्थित बिजली, तेल व गैस स्टेशनों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसके बाद हाइफा समेत क्रियोटा शहर की बिजली गुल हो गई। ईरान के इन हमलों को इजरायल द्वारा ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड रिफाइनरी पर किए गए हमले का बदला बताया गया है। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया।

इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज स्ट्रेट पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल -शेष पृष्ठ दो पर



- जंग में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत
- इजरायल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

## मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम ने फ्रांस व मलेशिया के प्रमुखों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चर्चाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिये तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल- मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी। साथ ही कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जाइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

## उप्र में जुलाई 2026 के पहले हो जाएंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ -ब्यूरो।** उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता पर सरकार ने विराम लगा दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव जुलाई 2026 तक हर हाल में करा लिए जाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा और प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। राजभर ने बताया कि ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अधयक्षों के कार्यकाल भले अलग- अलग समय पर समाप्त हो रहे हों, लेकिन किसी का भी कार्यकाल जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




# 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

दरअसल, नवम्बर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (एस शेड्यूल) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिये ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि एनडीपीएस एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।



- एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा का उल्लेख किया

दूसरे अहम पहलू पर, कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा एफआईआर इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, अदालत ने यह भी दर्ज किया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लगाए गए आरोप स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं होते, क्योंकि वे एक पहले की शिकायत का हिस्सा थे, जिसे पहले ही बंद किया जा चुका है। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि एफआईआर न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में अवैध बिजली उपभोग पर सर्च अभियान चलाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निगेटिव बैलेंस के कारण लगभग 5.25 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन स्वत: कट गए हैं। इनमें से करीब 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने अब तक रिचार्ज नहीं कराया है। ऐसे में अवैध रूप से बिजली उपभोग की आशंका को देखते हुए यूपी पावर कारपा. रेशन लिमिटेड ने सभी विद्युत वितरण निगमों को सघन जांच के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल एवं केस्को-कानपुर क्षेत्रों में कुल 1211 परिसरों की जांच की गई। जांच में 18 स्थानों पर बिजली चोरी पाई गई, जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कारपा. रेशन के प्रवक्ता केके सिंह के अनुसार निगेटिव बैलेंस के बाद बिना रिचार्ज बिजली का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138-बी के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

### यूपी में नवरात्र के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन उत्तर प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह नौ बजे तक ही मां विध्यवासिनी मंदिर में चार लाख से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। इस बीच सरकार की तरफ से मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। देवीपाटन मंदिर में भी सुबह से अब तक लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए हैं। इसी तरह शाकुम्भरी देवी मंदिर में 50 हजार से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# स्वदेशी ड्रोन निर्माण में बनना होगा आत्मनिर्भर

नई दिल्ली, वार्ता



■ बढ़ती चुनौतियों के बीच बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

वैश्विक स्तर चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले रूस और यूक्रेन के बीच जंग, अब ईरान तथा इजराइल के बीच जारी युद्ध को देखते हुए ड्रोन की अहमियत काफी बढ़ गई है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोनों जगहों पर जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन की जरूरत को लेकर कहा कि भारत को ड्रोन निर्माण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना चाहिए। अगले कुछ सालों में हमें ड्रोन निर्माण के मामले में वैश्विक केंद्र बनना होगा।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुरुवार को कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में जारी संघर्षों ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों के महत्व को साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ-साथ ईरान तथा इजरायल के बीच चल रहे भीषण संघर्ष को देख रही है, हम भविष्य के युद्धों में ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीकों की बेहद अहम भूमिका को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। ड्रोन निर्माण की अहमियत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनी. तिक स्वायत्तता, रक्षा तत्परता और आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी ड्रोन के उत्पादन के लिए एक इकोसिस्टम जरूरी है। आज भारत में एक ऐसा ड्रोन निर्माण इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है, जिसमें हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हों।

रक्षा से जुड़े इस सम्मेलन में देश की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दौर में भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह जरूरी है कि भारत ड्रोन निर्माण के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बने। उन्होंने ड्रोन निर्माण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और अन्य नई तथा अहम तकनीकों के तेजी से बढ़ते महत्व पर भी बात की।

#### सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए

राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे इनोवेशन पूरी दुनिया में विनिर्माण क्षेत्र को ही बदल रहे हैं। इनके साथ-साथ सिमुलेशन तकनीक भी नए अवसर खोल रही है। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से जुड़ी दिग्गज कंपनियों से अपने उत्पादों की गुणवत्ता को तेजी सुधारने पर ध्यान देने का भी आह्वान किया। रक्षा उत्पाद से जुड़े उत्पादों की आत्मनिर्भरता को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह आत्मनिर्भरता न केवल उत्पाद स्तर पर, बल्कि उसके पुर्जों के स्तर पर भी जरूरी है। यानी ड्रोन के सांचे से लेकर उसके सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक, सब कुछ भारत में ही तैयार होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यह काम आसान नहीं है, क्योंकि ज्यादातर देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां कई अहम पुर्जे किसी एक खास देश से आयात किए जाते हैं।

### ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया के साथ ग्रेट निक. ोबार द्वीप के आदिवासी प्रमुखों ने गांधी से मुलाकात की। आदिवासी प्रमुखों ने प्रस्तावित ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन-यापन के तरीके और द्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना की मंजूरी के दौरान उनकी सहमति भी उचित तरीके से नहीं ली गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए उनकी चिंताओं को उठाएगी।

# दिल्ली में बनाए जा रहे दंगे जैसे हालात: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाकर दिल्ली में फिर से दंगे जैसे हालात बनाने का आरोप लगाया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी बहक. ावे में न आएं।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें। उन्होंने होली के मौके पर राजधानी के उत्तम नगर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है। एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है। उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए। गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे चाहते हैं कि देश हिदू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर है। इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे किसी भी बहकावे में न आएं और एकता, भाईचारे व मोहब्बत बनाए रखें।

# यूएस से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ: जयंत चौधरी

नई दिल्ली।



■ अमेरिका से डील पर केंद्रीय मंत्री चौधरी का बड़ा बयान

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि आज दुनिया की बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती है, इससे हमारे किसानों और मजदूरों के लिए संभावनाएं पैदा होंगी, लेकिन अमेरिका से अभी कोई करार फाइनल नहीं हुआ है।

अमेरिका से डील पर राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया और केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका इतना ही बयान आया था कि जब व्यापार में विस्तार होगा, तो वैल्यू चेन में किसानों की गिनती बढ़ेगी, उनकी भागीदारी बढ़ेगी। दुनिया में ऐसी कोई फसल नहीं है, जिसका भारत मुकाबला नहीं कर सकता, आज भी निर्यात होता है। बागतप के रटौल आम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि क्या वो अमेरिका और यूरोप के बाजार में जा सकता है। जब शून्य प्रतिशत के शुल्क पर यहां के रटौल आम के लिए यूरोप ने दरवाजे खोल दिए, तो कहा जा सकता है कि भारत एक वैश्विक ताकत है। व्यापार के क्षेत्र में बड़ी ताकतें भारत के साथ करार करना चाहती हैं। इससे बेहतर संभावनाएं हमारे मजदूर, काश्तकार, एमएसएमई और किसान सबके लिए बन रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागपत को री-डिफाइन किया जा रहा है। बागपत की कनेक्टिविटी बदल रही है। दिल्ली के नजदीक किसानों की धरती अब उद्यमों और स्टार्टअप की दुनिया बनने वाली है।

## सनातन परंपरा के विरोधियों से दूरी बना रही युवा पीढ़ी: योगी

# आस्था को अंधविश्वास बता रहा विपक्ष

अयोध्या, वार्ता



■ सीएम ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी अयोध्या धाम की आध्यामिक महत्ता का उल्लेख किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं।

दरअसल चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ष्हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास बताकर उसका अपमान किया गया, जबकि स्वयं सत्ता में रहने वाले लोग नोएडा जाने जैसे मिथकों का पालन करते रहे। उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि का भव्य स्वरूप सामने आया है, जो देश की आस्था का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज 'राष्ट्र मंदिर' का स्वरूप ले चुका है और यह रामराज्य की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों-अयोध्या, काशी, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन में कुल 156 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटक पहुंचे, जो राज्य की बढ़ती आध्यात्मिक पहचान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन से जुड़े संतों, रामभक्तों और कारीगरों का अभिनंदन किया तथा दिवंगत अशोक सिघल सहित सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को रामजन्मभूमि में श्रीराम यंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रपति ने रामलला के चरणों में शीश झुकाकर आरती उतारी और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तीनों गणमान्य हस्तियों ने मंदिर परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं के समक्ष भी श्रद्धापूर्वक शीष नवाया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74207.24
निफ्टी 23002.15



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर स्थिर रखने से शेयर बाजारों में भारी गिरावट

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रेपो दरों को स्थिर रखने के फैसले से निराश निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 2,496.89 अंक (3.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 775.65 अंक टूटकर 23,002.15 अंक पर आ गया। यह दोनों का 11 महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बुधवार को समाप्त दो दिवसीय बैठक में नीतिगत दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया। इससे अमेरिका के साथ एशिया और यूरोप के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स की शुरुआत ही 1,953 अंक की गिरावट में 74,751 अंक पर हुई। हालांकि खुलने के तुरंत बाद यह 75,354 अंक तक चढ़ गया, लेकिन धीरे-धीरे इसका ग्राफ नीचे उतरता गया। इसका निचला स्तर 73,951 अंक रहा। निफ्टी का ग्राफ भी इसी तरह का रहा। बाजार में बिकवाली इस कदर सर्वव्यापी रही कि सभी सूचकांक और सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 3. 29 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 2.94 प्रतिशत गिर गया। ऑटो सेक्टर का सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। एनएसई में वित्त, बैंकिंग, आईटी, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। सबसे कम 1.98 प्रतिशत की गिरावट तेल एवं गैस सेक्टर के सूचकांक में देखी गई। संसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। इटरनल का शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी पांच प्रतिशत से अधिक गिर गए। एलएंडटी, इंडिगो, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमत फिर गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 13 हजार रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4 हजार रुपए गिरकर 1.52 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 5 कारोबारी दिन में 9 हजार और चांदी 31 हजार सस्ती हुई है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑल टाइम हाई से बहुत तेजी से नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी में मजबूती देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 51 रुपये टूटकर 3,788 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 26 रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत भी आठ रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये और उड़द दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 4,612 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 258 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 122 रुपये और सूरजमुखी तेल 125 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल भी 83 रुपये चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल 39 रुपये और सोया तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वहीं चीनी 17 रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...**

उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी एलएनजी सुविधा में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था, लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इजरायल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सानमोबिल की साझेदारी है। इजरायल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इजरायल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है, क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है। इस बीच, कतर की रास लाफन एलएनजी सुविधा पर मिसाइल हमले से आग लग गई। कतर के तट के पास एक जहाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि, यह साफ नहीं है कि उसे सीधे निशाना बनाया गया या मलबे से नुकसान हुआ। युद्ध के दौरान अब तक 20 से ज्यादा जहाजों पर हमले हो चुके हैं, क्योंकि ईरान इस अहम जलमार्ग पर सख्त नियंत्रण बनाए हुए है। ईरान का कहना है कि यह मार्ग खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं।

**मोदी ने...**

पर बल दिया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी करीबी समन्वय जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हरि राया ऐदिलफित्री के अवसर पर मलेशिया की जनता को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति पर चर्चा करते हुए तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जताई। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भाई कहकर संबोधित करते हुए ओमान की जनता को ईद की अग्रिम बधाई दी। इस वार्ता में भी दोनों नेताओं ने संवाद और कूटनीति के जरिये तनाव कम करने और शांति बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा दोहराई और संकट के दौरान हजारों लोगों, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, की सुरक्षित वापसी में ओमान की भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन के महत्व को भी रेखांकित किया।

इन वार्ताओं के जरिये भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और कूटनीतिक समाधान का प्रबल समर्थक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर जार्डन के राजा किंग अब्दुल्ला-2 को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता जताई और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले निंदनीय हैं और इनसे बेवजह तनाव बढ़ सकता है। भारत और जॉर्डन सामान और ऊर्जा के बिना किसी रुकावट के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की थी। पीएम मोदी ने चर्चा की जानकरी देते हुए एक्स पर लिखा था कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त की। कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की हम पहले भी निंदा कर चुके हैं और हमने फिर वही किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में आगे लिखा कि हार्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स से मिले अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



पॉजिटिव कंटेंट पर दिया जोर

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया कंटेंट को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इन्फ्लुएंसर्स से सकारात्मक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किया जाने वाला हर पोस्ट केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को उनके कंटेंट को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर के रूप में यह दायित्व बनता है कि वह समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करे। सकारात्मक सोच और संदेश न केवल समाज को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इससे जुड़ने वाली ऑडियंस भी अधिक भरोसेमंद और स्थाई होती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट से लोग जल्दी ऊब जाते हैं, क्योंकि कोई भी लंबे समय तक नकारात्मक माहौल में रहना पसंद नहीं करता। अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही लखनऊ स्थित मुख्यालय में सभी सकारात्मक सोच रखने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से मुलाकात करेंगे। इसके लिए पूर्व सूचना दी जाएगी, ताकि सभी लोग अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

# मोमोज दुकानदार पर तानी दोनाली बंदूक, पूछा नाम क्या है !

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में बीती रात दर्जनभर बदमाशों ने चाकू और पिस्टल और दो नाली बंदूक लेकर इलाके में दहशत का माहौल बना दिया। एक मोमोस बेचने वाले युवक की गर्दन पर बंदूक लगाकर उससे उसका नाम पूछकर उसको छोड़ दिया।

आरोपियों ने मौके पर दो से तीन राउंड फायरिंग की और मौके पर से फरार हो गए। पुलिस द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैप्चर हुई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले ही सुल्तानपुरी इलाके में राजेन्द्र नामक व्यक्ति की रात के वक्त लूट का विरोध करने पर चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। अब इस वारदात के बाद इलाके दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि ईद का त्यौहार है तो बदमाश अपनी नीजी दुश्मनी के कारण माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

इलाके में और आसपास के इलाके में आए दिन बदमाश अपनी वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। पुलिस वारदात के बाद ही उनको पकड़ती है, जबकि वारदात से पहले पुलिस इनकी पहचान करने के बावजूद इनको अनदेखा करती रहती है। जिससे लोग काफी दहशत में जीने को मजबूर हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात दस बजकर 44 मिनट पर पुलिस को एफ ब्लॉक स्थित मस्जिद के पास फायरिंग होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर से दो कारतूस के खोल बरामद किये। मौके पर ही लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपियों के चेहरे साफतौर पर दिखाई दिये। इलाके में रहने वाले इरफान ने बताया कि वह-4 ब्लॉक रोड पर मोमोज का एक फूड स्टॉल चलाता है। मैं और मेरा भाई दुकान पर थे। मैं मोमोस बना रहा था। अचानक से करीब दस से 12 बदमाशों का एक झुंड उसके पास आया। उनमें से एक ने उसकी गर्दन पकड़ ली। उसके हाथ में दो नली की बंदूक थी। उसने उसकी गर्दन पर लगा दी। जबकि बाद बदमाश उसी के पास खड़े थे, जिनके चेहरे पर गुस्सा साफतौर पर दिखाई दे रहा था। उनके हाथों में भी चाकू और पिस्टल थी। उससे दो नली बंदूक लिये बदमाश ने नाम पूछा, उसने जब अपना नाम बताया। उसको नीचे बैठाने की कोशिश करने लगे। उसी वक्त दो बदमाश जिनके हाथ में चाकू थे। अचानक से उसके पास आए और उसको मारने की कोशिश करने लगे। उनमें से एक ने बदमाश को बोला कि जाने दें इसको। बदमाशों ने जाने से पहले कुछ के नाम भी पूछे और जाते वक्त कड़ाई का गर्म भी फैंक गए। आगे जाकर दो से तीन हवा में फायरिंग की।

बदमाशों में से कुछ उसकी दुकान पर आकर मोमोज भी खाकर गए हैं। उसकी और उसके भाई की उनसे कोई दुश्मनी नहीं हैं। वो शायद किसी ओर को टारगेट करने आए थे। जिसको शायद उन्होंने देखा भी नहीं होगा। बदमाशों से काफी सुल्तानपुरी इलाके में ही रहते हैं।

## ईद पर शांति व्यवस्था हो सुनिश्चित शरारती तत्वों पर नजर रखे पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर विवाद मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने ईद के शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने को कहा है। हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का बंदोबस्त ऐसा हो जिससे सभी में सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा हो।

उत्तम नगर क्षेत्र में कोई शरारत न करे, इसके लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया। किसी भी अप्रिय या बिगड़ती स्थिति को रोकने के लिए भी हाईकोर्ट ने आदेश दिए। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि उत्तम नगर में पुलिस व्यवस्था राम नवमी तक जारी रहेगी। यह कदम क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। प्रशासन को सतर्क रहने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है।

# आर्थिक तंगी के चलते दोस्त के साथ अपने घर में की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के शकर पुर थाने के स्टाफ ने दिन में हुई चोरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से बीस लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने के गहने बरामद किए है।इस मामले में बेटे ने ही आर्थिक तंगी के चलते अपने दोस्त के साथ अपने घर में ही वारदात को अंजाम दिया।

दिल्ली की पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 18 मार्च को शकरपुर के स्कूल ब्लॉक में स्थित एक घर में चोरी के संबंध में शकरपुर थाने में एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल मिलते ही टीम मौके पर पहुंची, जहां शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना वाले दिन वह अपने घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ वैशाली, गाजियाबाद गए थे। जब वह लौटे तो उन्होंने देखा कि ताला खुला हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर, सोने के गहने और 37,000 रूपये की नकदी गायब मिली। इसके बाद शकरपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी प्रीत विहार अशोक कुमार की देखरेख में एसएचओ शकरपुर कमल किशोर के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और वहां जबरन घुसने का कोई निशान नहीं पाया।

## बदला मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से तेज हवाएं चलने के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को ठंडक का अहसास हुआ। राजधानी के कई हिस्सों में बादल छाए रहे और कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम में बदलाव को लेकर आईएमडी ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है। इसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ हल्की से तेज बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं की रफ्तार कई स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इस कारण लोगों को खुले स्थानों से दूर रहने और मौसम की स्थिति पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

# नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री ने झंडेवालान मंदिर में दर्शन किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चौत्र नवरात्रि के पहले दिन झंडेवालान मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। उन्होंने माता से दिल्लीवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की और देवी शक्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक है, जो हमें सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कामना की कि मां दुर्गा का आशीर्वाद दिल्ली के हर परिवार पर बना रहे और सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आए। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने झंडेवालान मंदिर के निकट आयोजित भक्ति संगीत कार्यक्रम भजन क्लबिंग में भी भाग लिया। इस अवसर पर भक्ति गीतों और भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।मुख्यमंत्री ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य करते हैं। भक्ति संगीत न केवल हमारी परंपराओं को जीवंत रखता है, बल्कि समाज में एकता, शांति और सद्भाव को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भजन क्लबिंग जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं में जो उत्साह और भागीदारी देखने को मिल रही है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन देती रहेगी।



**नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता झंडेवालान मंदिर में दर्शन करते हुए।**

## आईएईए व भास्कराचार्य कॉलेज के बीच हुआ एमओयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पेशेवर दक्षताओं के विकास हेतु भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ (आईएईए) एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। डीयू के वाइस रीगल लॉज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी ने कहा कि यह एमओयू भास्कर कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए इन अंतर्राष्ट्रीय अवसरों का और विस्तार करेगा, जिससे वैश्विक जुड़ाव और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## एक नजर

### उद्यमियों पर अधिक भरोसे की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक हालात और चल रहे संघर्षों के कारण कमोडिटी बाजार और सप्लाई चेन पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे आयात पर अधिक निर्भरता के जोखिम सामने आ रहे हैं और महत्वपूर्ण संसाधनों में आत्मनिर्भरता की जरूरत और अधिक महसूस हो रही है। इसी संदर्भ में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने फेसबुक पर एक विस्तृत पोस्ट साझा की है, जिसमें उन्होंने भारत के लिए कच्चे माल की सुरक्षा को मजबूत करने और महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

अपने पोस्ट में उन्होंने भारत की मजबूत भू-वैज्ञानिक क्षमता का उल्लेख किया, खनिज, धातु और तेल उद्योग में अपने चार दशकों के अनुभव को साझा किया, और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने तथा दीर्घकालिक संसाधन आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए नीतिगत स्थिरता, सरल नियम और उद्यमियों को अधिक स्वतंत्रता देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि "यह देखकर दिल दुखता है कि एक ऐसी वॉर जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है, उसकी कीमत भारत कोरॉ मेटेरियल की कमी के रूप में चुकानी पड़ रही है। लेकिन सच यह है कि हमें यह कीमत चुकाने की जरूरत ही नहीं है।

### विश्व भोजपुरी सम्मेलन का आयोजन 21 से



**नई दिल्ली।** हर वर्ष की तरह इस बार भी देश की राजधानी दिल्ली में विश्व भोजपुरी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 21-22 मार्च को द्वारका सेक्टर 8 के दादा देव मेला ग्राउंड मे आयोजित, इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी देश-विदेश की कई महान हस्तियां शिरकत करेंगी।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्वांचल एकता मंच दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवजी सिंह ने बताया कि 13 वें विश्व भोजपुरी सम्मेलन का मकसद 25 करोड़ से ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली दुनिया की सबसे मीठी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करवाना और भोजपुरी भाषी लोगों को एक मंच पर लाना है। शिवजी सिंह ने बताया सम्मेलन का औपचारिक उदघाटन 21 मार्च को शाम 6 बजे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार के कर कमलों से होगा, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे करेंगे। इस दौरान तमाम सांसद, विधायक और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महत्वपूर्ण हस्तियां मौजूद रहेंगी। शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम सत्र का उदघाटन केंद्रीय मंत्री और एलजेपी के अध्यक्ष चिराग पासवान।

### भारतीय पर्यटकों की पसंद बने जापान व दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** ट्रैवल प्लेटफॉर्म क्लुक ने अपना स्प्रिंग रेडीनेस इंडेक्स जारी किया है। यह इंडेक्स इस बात की एक स्पष्ट झलक पेश करता है कि भारतीय यात्री जापान और दक्षिण कोरिया में स्प्रिंग के मौसम में यात्रा की योजना कैसे बना रहे हैं। एशिया के नौ बाजारों के 900 यात्रियों की राय पर आधारित इस इंडेक्स के अनुसार, स्प्रिंग डेस्टिनेशन के रूप में जापान 78% उत्तरदाताओं की पहली पसंद बना हुआ है, जिसके बाद 52% के साथ दक्षिण कोरिया का स्थान है। क्लुक इंडिया के हेड ऑफ मार्केटिंग, शिवम त्यागी ने कहा कि ष्आजकल वास्तविक जीवन के अनुभव और नई चीजों की खोज ही यह तय कर रही है कि लोग कैसे और क्यों यात्रा करते हैं। क्लुक के ग्लोबल मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट, मार्कस योंग ने कहा, ष्आज स्प्रिंग ट्रैवल एक अधिक विचारशील मानसिकता को दर्शाता है।

### विनिर्माण संयंत्रों का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** एनईसी समूह ने आज नोएडा स्थित अपने संयंत्र में एक नई विशाल विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करके अपने उत्पादन अवसंरचना के महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में बोलते हुए, एनईसी समूह के नेतृत्व ने कहा कि इस नए पूंजी निवेश का उपयोग उन्नत मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन और कार्यबल विकास के लिए किया जाएगा । जिससे समूह बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी निर्यात क्षमताओं का निर्माण कर सकेगा।

### एआई प्लस बना आईपीएल टीमों का स्मार्ट फोन पार्टनर

**नई दिल्ली।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज ऐलान किया कि वह आने वाले टी20 सीजन में दो बड़ी टीमों मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर रहेगा।इस साझेदारी के जरिए एआई प्लस स्मार्टफोन भारत के सबसे बड़े और असरदार प्लेटफॉर्म में सीधा जुड़ जाएगा। इस साझेदारी पर एआई प्लस स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटी क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के फाउंडर माधव शेठ ने कहा, खेल लोगों को जोड़ने का सबसे बड़ा जरिया है, जहां हर कोई एक जैसा उत्साह और उम्मीद महसूस करता है।

## बुकिंग के दो हफ्ते बाद भी गैस सिलिंडर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलपीजी गैस को लेकर एजेंसियों के दावे केवल काग. जों तक सीमित हैं, इसमें जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है। गैस एजेंसियां लगातार यह दावा कर रहीं कि उपभोक्ताओं को समय पर और पूरी मात्रा में एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन राजधानी के कई इलाकों में लोग समय पर गैस न मिलने की समस्या से जूझ रहे हैं।

बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिकाँश इलाकों में गैस डिलीवरी में देरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन या फोन से गैस सिलिंडर बुक कराया, लेकिन तय समय के भीतर डिलीवरी नहीं हुई। कई मामलों में लोगों को 10 से 15 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

# न्यूट्रिशन कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण में दिग्गज हुए एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के बढ़ते पोषण संकट को हल करने में स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नई दिल्ली में श्नरिशिंग स्कूल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्न्यूट्रिशन कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण में नीति-निर्माता, शिक्षक और उद्योग जगत के दिग्गज व्यक्ति एकत्रित हुए और स्कूलों में पोषण शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पोषण साक्षरता को स्कूली शिक्षा प्रणाली के एक नियमित हिस्से के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए।



इस अवसर पर नरिशिंग स्कूल्स फाउंडेशन की को-फाउंडर और सीईओ अर्चना सिन्हा ने इस दीर्घकालिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, आने वाले कल में बच्चे खाने की कौन-सी आदतें अपनाएँगे, यह आज के समय में वे क्या सीखते हैं, इस पर निर्भर करता है। स्कूल एक ऐसी जगह होती है, जहाँ से बदलाव की शुरुआत होती है। यह चर्चा एक ऐसे समय में हो रही है, जब भारत पोषण से संबंधित दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। कई क्षेत्रों में कुपोषण प्रमुख समस्या बना हुआ है, तो कहीं मोटापा, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हो रही है।

# ट्रेड एंड टैक्सेस बिल्डिंग में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईटीओ स्थित ट्रेड एंड टैक्सेज इमारत में गुरुवार सुबह आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए। अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 8:36 बजे एक फोन कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के छह दमकल वाहनों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य तुरंत शुरू कर दिया। उन्होंने तेजी और कुशलता से आग पर काबू पाने के लिए अथक प्रयास किए। करीब आधे घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया।

अधिकारी ने पुष्टि की कि आग सुबह 9:10 बजे तक नियंत्रण में आ गई थी। इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। प्रारंभिक जांच में किसी बड़े नुकसान की आशंका नहीं जताई गई है। अग्निशमन विभाग ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया से एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। इमारत के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और उपकरणों को सुरक्षित रखने में मदद मिली।

## हाउस ऑफ जॉली ने कियाअधिग्रहण

**गुरुग्राम।** सन् 1944 से आर्किटेक्चरल हार्डवेयर में भारत के सबसे चर्चित नाम हाउस ऑफ जॉली ने अपने हाउस ऑफ ब्राड्स के विस्तार के साथ अपनी विकास की राह में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा है।

हाउस ऑफ जॉली के डायरेक्टर राजेश भार्गव ने कहा, ऐसे समय में जब तेजी से विस्तार और कई साझेदारियाँ आम बात हैं, हाउस ऑफ जॉली ने एक बिल्कुल अलग रास्ता अपनाया है। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के पीछे भागने के बजाए, ब्रांड ने सिर्फ उन्हीं कंपनियों का अधिग्रहण करने पर ध्यान दिया है, जो अपनी विरासत, कारीगरी की गहनता और डिजाइन के लिए मजबूत दृष्टिकोण अपनाती हैं।

## चार करोड़ की रंगदारी व फायरिंग मामले में वांछित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जगतपुरी के रंगदारी और फायरिंग के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। यह घटना पंजाब के गैंगस्टर गुरजंत उर्फ जनता के निर्देश पर अंजाम दी गई थी। उसे पीओ घोषित किया गया था और वह पिछले एक साल से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त नारा चौतन्य ने बताया कि मार्च 2025 में जगतपुरी निवासी एक व्यक्ति को उसके मोबाइल फोन पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कई धमकी भरे और रंगदारी मांगने वाले कॉल/संदेश प्राप्त हुए। कॉल करने वाले ने चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी।

इसके बाद जगतपुरी थाने के तहत रंगदारी का एक मामला दर्ज किया गया। रंगदारी के लिए कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद की पहचान पंजाब के गैंगस्टर गुर. जंत सिंह उर्फ जनता के रूप में बताई थी।

### भारत में ग्रासरूट खिलाड़ियों को समर्थन

**नई दिल्ली।** वैश्विक परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स ब्रांड केलमे ने भारत में अपने पहले एक्सपीरिएंशियल स्टोर (नोएडा) और राष्ट्रीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लॉन्च के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया है। इस मौके पर शिव कुमार शर्मा, निदेशक, केलमे इंडिया, ने कहा हमारा मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को भी उसी स्तर के परफॉर्मेंस उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। रंजीत सिंह, निदेशक, केलमे इंडिया, ने कहा, हमारा उद्देश्य भारत के विक. सित होते खेल इकोसिस्टम में सार्थक योगदान देना है।

# कुरआन मजीद की तकमीले पर रूहानी महफिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पवित्र रमजान माह की बरकतों के बीच मदरसा अल-जामियातुल इस्लामिया फलाह-ए-दाराएन में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन मजीद की तकमील के मौके पर एक बेहद रूहानी और दिल को सुकून देने वाली महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाफिज अब्दुल अहद ने तरावीह में कुरआन मजीद मुकम्मल किया, जबकि कघरी मोहम्मद नासिर ने बड़ी लगन और ध्यान के साथ कुरआन सुनने की जिम्मेदारी निभाई। तकमील-ए -कुरआन के इस लम्हे ने मौजूद लोगों के दिलों को इमान की रौशनी से भर दिया। इस मौके पर जमीयत उलेमा दिल्ली स्टेट के पूर्व अध्यक्ष मौलाना आबिद कासमी ने कुरआन की अहमियत और उसकी तालीम पर असरदार बयान पेश किया। उन्होंने कहा कि मदरसों का निजाम अल्लाह तआला की वह नेमत है, जो हमारे आखिरी नबी हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जरिए उम्मत तक पहुँची। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लाम की हिफाजत और उसकी तालीम को जिंदा रखने में मदरसे अहम किरदार निभा रहे हैं, इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह दिल खोलकर मदरसों की मदद करे, ताकि कुरआन की तालीम हर घर तक पहुँच सके। इस रूहानी महफिल में मौलाना हसन, मौलाना मो. जाहिद कासमी, कारी अय्यूब, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, हाफिज आसिफ, हाफिज अब्दुल हादी, मुफ्ती अबरार, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद फैजान सहित कई गणमान्य लोग विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।



# सिविस पब्लिक कंसल्टेशन अवाड्र्स 2026 की मेजबानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीति निर्धारण में सार्वजनिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए काम करने वाली मुंबई स्थित सिविक-टेक गैर-लाभकारी संस्था सिविस ने नई दिल्ली में सिविस पब्लिक कंसल्टेशन अवाड्र्स (सीआईपीसीए) 2026 के तीसरे संस्करण की मेजबानी की, जिसमें वरिष्ठ नीति निर्माताओं, नियामकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को एक साथ लाकर अधिक पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी शासन को आगे बढ़ाने वाले संस्थानों को मान्यता दी गई।




भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन के एक विशेष वीडियो संबोधन में उन्होंने कहा, यह देखते हुए कि नागरिकों के जीवन के अनुभवों पर आधारित नीतियों से घर्षण कम करने, विश्वास बनाने और प्रभाव में तेजी लाने की अधिक संभावना है।

कार्यक्रम में प्रमुख, पीएफआरडीए के अध्यक्ष, शिव सुब्रमण्यम रमन ने जोर देकर कहा कि परामर्श को समझा जाना चाहिए आज की दुनिया में, सुशासन को न केवल इस बात से परिभाषित किया जाता है कि नीतियां कितनी अच्छी तरह तैयार की जाती हैं, बल्कि सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से उन्हें कितने सार्थक रूप से आकार दिया जाता है।

## अस्थमा मरीजों के लिए एयरोलाइफ मिनी लांच किया

**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंसेज "जायडस" ने एयरोलाइफ मिनी लॉन्च किया है।जो अगली पीढ़ी का प्रेशराइज्ड मीटर्ड-डोज इनहेलर है। यह लॉन्च श्वसन देखभाल में ड्रग-डिवाइस आधारित नवाचार को आगे बढ़ाने की कंपनी की रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। एयरोलाइफ मिनी भारत का पहला पोर्टेबल और फोल्डेबल एन्हांसर है, जो इसे उपयोग में बेहद सुविधाजनक बनाता है। जायडस ने इस डिवाइस को एयरोडेल टेक्नोलॉजी इनोवेशन के साथ एक एक्सक्लूसिव लाइसेंसिंग व्यवस्था के तहत पेश किया है। भारत में अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और ब्रोंकिएक्टेसिस जैसी क्रॉनिक श्वसन बीमारियों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है।

## फेस्टिव वीकेंड पर शुरू किया मल्टीप्लेक्स

**नई दिल्ली।** सिनेपोलिस इंडिया ने द्वारका के सिटी सेंटर ष्प में अपना नया मल्टीप्लेक्स शुरू किया, जो ईद, उगादी और गुड़ी पड़वा के फेस्टिव वीकेंड के साथ मेल खाता है। इस मौके पर कंपनी "धुरंधर 2" के शुरुआती टिकट 300 रुपये से ऑफर कर रही है, जो इस चार दिन के फेस्टिव पीरियड में एकमात्र बड़ी रिलीज है और सभी पांचों स्क्रीन पर दिखाई जा रही है। घोषणा पर बात करते हुए, सिनेपोलिस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर देवांग संपत ने कहा: "द्वारका बिल्कुल वैसा मार्केट है जो हमारी एक्सपैंशन रणनीति को सही साबित करता है। यहां घनी आबादी के साथ विविध दर्शक हैं, जहां लोग एक ऐसे सिनेमा के हकदार हैं जो सर्वोच्च मानकों पर बना हो।

उत्तर रेलवे

एनआईटी सं. 46255485 ई-निविदा सूचना दिनांक : 17.03.2026

निविदा सं. 46255485 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Traction Motor Type TM 2141C, Make :- CGPISL |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 27027116.48/- |
| 3 | मात्रा | 08 लग |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 30.04.2026 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 30.04.2026 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी : (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 929/26

## रासेयो शिविर का समापन

**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन दिवस की थीम 'जल जीवन मिशन' पर आधारित रही। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं लक्ष्यगीत गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें नशामुक्ति पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति समूह गीत, स्वच्छ भारत पर समूह नृत्य, मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक, जलवा गीत पर समूह नृत्य, महंगाई पर लोकगीत तथा संदेश गीत पर समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। तथा शिविर के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# जलीय जैव प्रौद्योगिकी विषय पर अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ साइंसेज एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा एसजीयू सेमिनार हॉल में "जलीय जैव प्रौद्योगिकी" विषय पर एक सफल अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. अमरजीत सिंह, दिल्ली विश्व. विद्यालय थे, जिन्होंने जलीय जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण विचार एवं अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम कुल. पति प्रो. (डॉ.) परसंजीत कुमार; कुलसचिव डॉ. राजीव रतन; तथा निदेशक, स्कूल ऑफ साइंसेज, डॉ. ज्योति चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।



सभी गणमान्य अतिथियों ने इस शैक्षणिक पहल की सराहना की। कार्यक्रम में बी.एससी. के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सत्र के अंत में एक इंटरैक्टिव चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया तथा अतिथि वक्ता को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस सफल आयोजन के लिए चेयरमैन एवं चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा तथा प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव के बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए स्कूल ऑफ साइंसेज हृदय से आभार व्यक्त करता है।

# जिला जाट समाज ने प्रदीप चौधरी को दी बधाई, जताया नेतृत्व का आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला जाट समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं योगी सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए गाजियाबाद नगर निगम से नामित पार्षद के रूप में प्रदीप चौधरी की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर जाट समाज के प्रतिनिधि संजय नगर स्थित प्रदीप चौधरी के आवास पर पहुंचे और उन्हें फूलमाला, पटका पहनाकर मिठाई खिलाकर बधाई एवं आशीर्वाद दिया। उपस्थित नेतागण ने कहा कि पार्टी की लंबी सेवा और अथक परिश्रम करने वाले कार्यकर्ता के



रूप में प्रदीप चौधरी का सम्मान होना निश्चित रूप से पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा तथा समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। प्रदीप चौधरी सदैव समाज सेवा एवं संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं और उनके नामांकन से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान जाट समाज से चौधरी तेजपाल सिंह, अमरजीत सिंह बीडडी, राज. कुमार चौधरी, अजय पाल प्रमुख, अरुण चौधरी भुल्लन, धर्मेंद्र चौधरी, पवन सहलोत, रविंद्र चौधरी, संग्राम सिंह, राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, देशांक चौधरी, इशांक चौधरी, सागर चौधरी, आयुष चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नामित सदस्यों में एससी वर्ग को नहीं मिली जगह

# एससी वर्ग को हासिये पर रखकर क्या हो सकता है सबका साथ सबका विकास का नारा पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर पालिका परिषद मे पांच व्यक्तियों को नामित सभासद के रुप मे मना. ेनीत शासन की ओर से किया जाना था। इस प्रकार के चयन में अक्सर सभी वर्गों को ध्यान में रखकर नियुक्ति होती है। लेकिन नगरपालिका मुरादनगर में एससी वर्ग को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है।

जिससे मुरादनगर क्षेत्र मे नाराजगी का माहौल है जिन लोगों को नामित किया गया है उनमें अनिल शर्मा, अमरीश गोयल, विनोद कुमार धनकड़, फरीर चंद्र, भानू सैन शामिल है





एससी वर्ग के बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि जब पांच नामित सभासद बनाए जाने थे तो उनमें से कम से कम एक सीट अनुसूृ. चत वर्ग को दी जाना चाहिए थी। इस निर्णय को लेकर एससी वर्ग के लोगों मै आक्रोश देखने को मिल रहा है और वे इसे सबका साथ सबका विकास के नारे के विपरीत बता रहे है।क्षेत्र के कई सामाजिक वह बीजेपी के दलित कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर पुनर विचार की मांग की है।

उनका कहना है कि सभी वर्ग को समान प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए ताकि समाज के हर वर्ग की आस्था सरकार में बनी रहे अनुसूचित वर्ग से एडवोकेट नवनीत निमी,राज. कुमार गौतम, पृशांत कुमार खटीक, अशोक कुमार खटीक, सुनील मुंडे,संजय कोरी, दया चंद्र कोरी आदि ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

# किड्जी मोदीनगर में वार्षिक स्पोर्ट्स डे 'नन्हा हिंदुस्तान' का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किड्जी मोदीनगर में वार्षिक स्पोर्ट्स डे "नन्हा हिंदुस्तान" बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। सभी नन्हे विद्याार्थियों ने पूरे जोश के साथ विविध खेल गति. विधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभावशाली मार्च-पास्ट से हुई, जिसके बाद रंगारंग डांस परफॉर्मेंसेज और बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न रोमांचक रेस ने पूरे माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। हर बच्चे को प्रोत्साहित करने के लिए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान





किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं सावधानी के सभी प्रबंधों का विशेष ध्यान रखा गया। प्रबंधन निदेशक अनमोल बंसल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना की और कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किड्जी मोदीनगर हमेशा अपने स्कॉलर्स को आगे बढ़ने, आत्मविश्वास विकसित करने और नई चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में टीचर्स रेस भी आयोजित की गई, जिसने सभी का मनोबल बढ़ाया और आयोजन में एक मजेदार व यादगार पल जोड़ा। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल तारिका माटा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण ख्र रीता वर्मा, स्नेहा, अन्तिमा, फिजा, ऋतिका, गीता मेहरा, मृदुलिका, आशि, स्वाथी, जेसिका और राशी ख्र पूर्ण सहयोग के साथ मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। "नन्हा हिंदुस्तान" का यह स्पोर्ट्स डे बच्चों के लिए सीख, खुशी और उत्साह से भरा एक यादगार उत्सव साबित हुआ।

## इंस्पायर मानक अवॉर्ड में शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** निवाड़ी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभावान छात्रा ने अपनी कुशल वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम लहराया है। छात्रा ने रचनात्मकता और वैज्ञानिक नवोन्मेषता को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा संचा. लित इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में शानदार प्रदर्शन किया। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय की छात्रा का चयन किया गया है। इनमें से प्रत्येक विद्यार्थी को भारत सरकार की ओर से जिला-स्तरीय प्रदर्शनी -सह- प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के लिए



अपना नवोन्मेषी आविष्कार तैयार करने के निमित्त प्रोत्साहन -सह- सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री नीरज त्यागी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित छात्रा को बधाई दी। साथ ही, उक्त योजना के आगामी चरणों के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए पूरे मनोयोग के साथ काम करने और विद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया।

## आईटीएस में किय गया बेसिक लाईफ सेवर्स स्किल्स पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा हेल्थ केयर स्किल्स फाउंडेशन के सहयोग से बेसिक लाईफ सेवर्स स्क्लिस कोर्स (बीएलएसएससी) कोर्स का सफल आयोजन किया गया। संजीवनी क्रिया एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों का प्रशिक्षण सभी बीडीएस छात्रों के लिए अनिवार्य है।

संस्थान द्वारा बीडीएस छात्रों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार, कोर्स डायरेक्टर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसमें संस्थान के 90 से अधिक बीडीएस विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

आईटीएस - द एजुकेशन



ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

साथ ही उन्हें अपने नियमित दंत चिकित्सा अभ्यास में बेसिक लाईफ सर्पोट प्रशिक्षण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अंत में इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी छात्रों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

**नहटौर।** क्षेत्र के कश्मीरी-कलाली मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। गारवपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खजूर के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार संख्या UK07AX3114 मुस्सेपुर पाली से गंगवाली की ओर जा रही थी। कार के पेड़ से टकराकर रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि कार पेड़ से न टकराती, तो वह पास की नहर में गिर सकती थी, जिससे गंभीर परिणाम हो सकते थे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासी कमल कुमार, अशोक कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निक. ाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद की।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी, गाजियाबाद

**पत्रांक: 2269/न०पा०परि०लोनी/25–26** **दिनांक: 17/03/2026**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद लोनी सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी.आई.एस कार्य संहिता प्रदान करता है (आई.एस 2470 (भाग 1) 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदडं प्रदर्शित करता है। छोटे और बडे क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टॉलेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन और एम.ओ.एच.यू ए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीव. रेज और मलजल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओ.एस.एस. पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए है। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए है।

**सेप्टिक टैंक के विनिर्देशन**

- आयताकार सेप्टिक टैंक हेतु :- लंबाई, चौडाई से 2 से 4 गुना ज्यादा होनी चाहिए तथा गहराई: 1.0 से 2.5 मी के बीच होनी चाहिए
- गोलाकार सेप्टिक टैंक हेतु :- टैंक का व्यास कम से कम 1.35 मी. होना चाहिए तथा गहराई: 1.0 मी से कम नहीं होनी चाहिए
- दो कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
- तीन कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
- मशीन-छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोगकर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | टैंक की गहराई (यदि, सफाई अंतराल दो वर्ष हो) (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

**नोट 1:** सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें।

**नोट 2:** फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।

**स्त्रोत:** सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल- भाग ए: इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

**सेप्टिक टैंक की क्षमता:** टैंक की क्षमता फीकल स्लज निकासी की अवधि को समझने में उपयोगी होती है, सेप्टिक टैंक की क्षमता मापने में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुएं है:

- निलंबित ठोस पदार्थों के पर्याप्त अवसादन के लिए प्रत्येक 10ली/मिनट की पीक की दर से प्रवाह के लिए 0.92 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की आवश्यकता होती है। आम तौर पर, आवसादन क्षेत्र की गहराई 0.30 मीटर होती है।
- **फीकल स्ल्जल डाइजेशन:** डाइजेशन जोन की क्षमता प्रति कैपिटा 0.032 होनी चाहिए।
- **फीकल स्ल्जल और मल भंडारण:** फीकल स्लज सफाई के 1 साल के अंतराल के लिए, एक फीकल स्लज भंडारण क्षमता 0. 0002*365=0-073 m3/ कैपिटा की आवश्यकता होती है।
- **फ्री बोर्ड:** कम से कम 0.3 मी

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लोनी**
**गाजियाबाद**


## एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंर्फोमेशन टेक्नोलॉजी के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में गौतम कुमार ने प्रथम, हिमानी चौधरी ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है।

## कंडेरे समाज ने दी ओमवती देवी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कंडेरे समाज द्वारा मानक चंद व कुंवरपाल सिंह की माताजी श्रीमती ओमवती देवी (पत्नी स्व. श्री चिरंजी लाल दीवानजी) की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे के साथ चंद्रपाल पहलवान कंडेरे(मैना), रणवीर कंडेरे(बुराड़ी), टेकचंद कंडेर (मैना), उमेश कंडेरा (मैना), विजय कंडेरा (फिरोजाबाद), देवेंद्र कंडेरे (चांचली), कुंवरपाल कंडेरे



(मैना), सचिन कंडेरे (मैना), रमेश कंडेरे (इब्राहिमपुर), जयपाल कंडेरे (तिलकागढ़ी), कन्हैया गौड कंडेरे (मुरादनगर), सुनील कंडेरे (मैना), सचिन कंडेरे, अंकुश कंडेरे, तेजस कंडेरे ,ओजस कंडेरे आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएस मोहननगर में हैकाथन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मो. हननगर के यूजी कैंपस में चौथे हैकाथन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे कैपजेमिनी टेक्नोलॉजी के क्यूए लीड नरेश गुप्ता तथा आई. टी.एस, यूजी कैंपस की प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया।

इस प्रतियोगिता में संस्थान के बीबीए, बीसीए एवं एमसीए पाठ्यक्रमों से कुल 150 छात्रों की 50 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आई.टी.एस. द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय, संकल्प, सही दिशा में प्रयास तथा सतत सीखने और परिवर्तन को स्वीकार करने की क्षमता अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य अतिथि नरेश गुप्ता ने' चौथे हैकाथॉन (थिंकाथॉन)



2026 के आयोजन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बहुत कम संस्थान कर पाते हैं। उन्होंने आई. टी.एस. गाजियाबाद के प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता को विकसित करने हेतु एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है।

आईटीएस यूजी कैंपस की प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों एवं संरचना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। फेस्ट में बीबीए, बीसीए और एमसीए के विभिन्न सेमेस्टरों के कुल 95 छात्रों की 29 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में छात्रों को कुल 8 परिदृश्य (बमदंतपवे) दिए गए , जिनमें से प्रत्येक ने किसी एक का चयन कर उसका समाधान विकसित किया। प्रतिभागियों ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, C, C++, जावा, पायथन एवं वेब-आधारित अनुप्रयोगों का उपयोग करते हुए सॉफ्टवेयर विकसित किए, जिन्हें निर्णायक मंडल द्वारा अत्यंत सराहा गया। फेस्ट की प्रथम तीन विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा, यूजी कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ) नैंसी शर्मा, यूजी कैंपस की ऐकडेमिक डीन डॉ. विदुषी सिंह, बीबीए एचओडी प्रोफेसर आदिल खान, कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर शिवोहम तिवारी, डॉ शुभ्रा द्विवेदी, अध्यापकगण एवं भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी ने किया कुश्ती स्टेडियम का उद्घाटन

## मलकपुर गांव में कुश्ती स्टेडियम का उद्घाटन करने पहुंचे जयंत चौ.का ग्रामीणों ने किया फूलों से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के मलकपुर गांव में कुश्ती स्टेडियम की आधारशिला रखी गई जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने शिलान्यास स्थल पर पहुंचकर उद्घाटन किया।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती स्टेडियम का निर्माण विधि विधान से किया। शिलान्यास स्थल पर राष्ट्रीय लोक. दल के पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं ग्रामीणों ने फूलों की मालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए राष्ट्रीय लोक दल सुप्रीमो केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं और पहलवानों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने का काम करेगा। जनपद बागपत के युवा आज देश-विदेश में बागपत का नाम रोशन कर रहे हैं। मलकपुर की धरती ने ऐसे युवाओं को जन्म दिया जो आज इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ी बनकर बागपत का नाम रोशन कर रहे हैं। चाहे वह खेल का मैदान हो या कुश्ती का मैदान या निशानेबाजी का मैदान यहां का नाम रोशन करने वालों ने देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। मलकपुर की धरती किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम से भी जानी जाती है। मंच पर उपस्थित चौधरी चरण सिंह अमर रहे चौधरी अजीत सिंह अमर रहे जयंत चौधरी जिंदाबाद के साथ स्टेडियम का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि लोयन मलकपुर गांव के लोग काफी लंबे समय से स्टेडियम की मांग करते आ रहे थे जोकि आज पूरी कर दी गई है। यह स्टेडियम जनपद के युवाओं के लिए एक दिन बड़ी यादगार का रूप





लेकर रहेगा आने वाले समय में देश-विदेश तक के खिलाड़ी इस स्टेडियम पर आकर अपना दमखम दिखाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में सांसद डा.राजकुमार सांगवान। पूर्व गन्ना राज्य मंत्री सुरेश राणा राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा छपरौली विधायक डा.अजय कुमार पूर्व विधायक साहब सिंह पूर्व विधायक वीरपाल राठी पूर्व विधायक गजेंद्र कुमार पूर्व राज्य मंत्री कुलदीप उज्जवल नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि रालोद नेता अश्वनी तोमर मनोज धामा ने भी कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम में शामिल जिला पंचायत सदस्य सुनील आर्य समा. जसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य बडौत विधानसभा अध्यक्ष अमित चिकारा जगपाल सिंह महामंत्री हस्तिनापुर सुरेश मलिक गौरव राजू तोमर प्रधान सिरसली कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर अरुण तोमर बॉबी टीनु प्रधान रणवीर सिंह प्रधान ओमवीर सिंह ढाका नीरज प्रधान संत कुमार प्रधान दीपक प्रधान आदि मौजूद रहे।







## ग्रामीणों का आरोप, मिल प्रबंधन की अनदेखी से बढ़ रहा प्रदूषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के मलकपुर गांव के लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी को ज्ञापन देकर गंदे नाले से निकलने वाले पानी से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

मलकपुर गांव में स्थित चीनी मिल से निकलने वाले केमिकल युक्त प्रदूषित पानी की समस्या ने ग्रामीणों का जीवन मुश्किल कर दिया है। मिल से निकलने वाले इस पानी से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।



ग्रामीणों का आरोप है कि मिल प्रबंधन की अनदेखी के कारण यह समस्या बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मलकपुर चीनी मिल से निकलने वाले प्रदूषित पानी से कैंसर, त्वचा रोग और अन्य गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने बताया कि मिल के आसपास के इलाकों में हैंडपंपों का पानी भी दूषित हो गया है, जिससे लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार मिल प्रबंधन और प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे।

## गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लगी लाईन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लम्बी लाईन लगी रही जिससे उपभोक्ताओं के अलावा होटल चलानें वाले संच. ालक भी परेशान नजर आये।

रटौल गैस एजेंसी पर गुरूवार सुबह सिलेंडर की गाड़ी पहुंची जहा सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही लम्बी लाईन में लगे रहे उपभोक्ताओं ने कहा की सिलेंडर बुक होने के बाद एक व्यक्ति को सिलेंडर देने मे बीस मिनट से अधिक समय लग रहा है जिस कारण उपभोक्ताओं की लाईन लगी है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की जिन उपभोक्ताओं का सिलेंडर बुक हुआ है। उसके डीएसी नम्बर पर तत्काल सिलेंडर दिया जाये। इसके अलावा उपभोक्ताओं को एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे है। दोपहर से समय मौसम खराब होने के बाद भी बारिश में लोग सिलेंडर के लिए लाईन में लगे रहे और हगामें के साथ लोग डटकर खड़े रहे जबकि गैस एजेंसी पर सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय में भी सिलेंडर को लेकर संकट नजर आया। एजेंसी संचालक एडवोकेट बदर अहमद नें बताया कि सभी बुक उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। अचानक सिलेंडर लेने वालो की सख्या बढने से भीड़ लग रही है जबकि मानक अनुसार कार्य करते हुए सिलेंडर उपभोक्ताओं को दिये जा रहे है।



## क नजर

### खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता:जयंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के मलकपुर गांव में केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र परिवार कौशल विकास एवं उद्यमशीलता केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मलकपुर गांव के स्टेडियम के लिए 7.15 करोड रुपए की लागत से बनने वाले इंदौर कुश्ती स्टेडियम के आधारशिला रखी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मलकपुर गांव में तीन अर्जुन अवादी खिलाड़ियों का होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

पत्रकार वार्ता में बोलते हुए उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। अपनी पूरी सांसद निधि खेल और युवाओं के लिए विकास के लिए मैं समर्पित हूं। जयंत चौधरी ने कहा कि स्टेडियम को राजनीति और संकरीण सोच से दूर रखकर केवल खेल के विकास के लिए उपयोग किया जाए इस स्टेडियम से अब युवा खेल और विकास की ओर अग्रसर होंगे। किसानों के लिए आर्थिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की और भी अधिक आवश्यकता है। उसे पर भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। युवाओं के कौशल विकास हेतु आईटीआई संस्थानों में बड़े स्तर पर निवेश भी किया जाएगा। देश को विकसित बनाने के लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं। खुला व्यापार देश की प्रगति और आर्थिक विकास को गति देता है। प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ हो रही है जिससे हर गांव के युवाओं को अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से समर्पण भाव से कार्य करने का उन्होंने मीडिया के सामने आहवान किया। एक परसों के जवाब में उन्होंने अंत में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए खेल और शिक्षा कौशल विकास तीनों क्षेत्रों में संतुलित प्रयास आवश्यक है जिससे युवा साक्षात बनेंगे और देश भी आगे बढ़ेगा यही राष्ट्रीय लोकदल का संकल्प है।

## चौधरी अजीत सिंह डिजाइन एवं फैशन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र का जयंत चौधरी ने किया फीता काटकर शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पाली गांव में चौधरी अजीत सिंह डिजाइन एवं फैशन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने फीता काटकर इस केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

उद्घाटन के दौरान मंत्री जयंत चौधरी ने केंद्र में प्रशिक्षण लेने पहुंचे बच्चों से बातचीत की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस केंद्र की स्थापना अपैरल, मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल एएमएचएसएससी द्वारा की गई है। इस अवसर पर एएमएचएसएससी के चेयरमैन पद्मश्री डॉ.ए. सक्थिवेल और सीईओ आशीष श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी व उनके साथ स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस अत्याधुनिक संस्थान में एआई-आधारित मशीनें भी स्थापित की गई हैं, जो बच्चों के भविष्य को संवारने में सहायक होंगी। इस फैशन डिजाइनिंग सेंटर में प्रवेश के लिए कोई विशेष प्रक्रिया नहीं है। कोई भी आसानी से इसमें दाखिला लेकर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है और आत्मनिर्भर बन सकता है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों के लिए है, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। पद्मश्री डा.सक्थिवेल, चेयरमैन, एएमएचएसएससी ने कहा कि यह केंद्र युवाओं को भविष्य के फैशन और अपैरल उद्योग के लिए तैयार करेगा। यहां एआई आधारित ट्रेनिंग और आधुनिक तकनीकों के जरिए कुशल कार्यबल तैयार किया




जाएगा। आशीष श्रीवास्तव, सीईओ, एएमएचएसएससी ने कहा कि भारत के परिधान उद्योग में महिलाओं का अधिक योगदान हैं, और यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उनके सशक्तिकरण के लिए तैयार किया गया है। एआई-आधारित प्रशिक्षण और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण में उपलब्ध कराकर हम ग्रामीण महिलाओं को केवल कौशल ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता भी देना चाहते हैं। इसके अलावा सेंटर में CAD-CAM आधारित कटिंग लैब भी है, जहां डिजिटल पैटर्न और ऑटो कटिंग के जरिए सटीक और बेहतर गुणवत्ता का काम किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने के. सी. त्यागी के जेडीयू छोड़ने की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि के.सी. त्यागी ने चौधरी चरण सिंह और अजीत सिंह के साथ काम किया है। अगर वह 24 तारीख को पार्टी में शामिल होने का निर्णय लेते हैं, तो उनका स्वागत है। जयंत





चौधरी ने के.सी. त्यागी से बात होने का दावा भी किया।

## मार्च में होगा वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** विद्यामंदिर क्लासेज (VMC), जो जेईई (मेन व एडवांस) और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश का प्रमुख कोचिंग संस्थान है, अपने "लैगशिप नेशनल एडमिशन टेस्ट का आयोजन 21, 22, 28 और 29 मार्च को करने जा रहा है। यह स्कॉलरशिप-कम-एडमिशन टेस्ट देशभर के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

यह परीक्षा कक्षा 6वीं से 12वीं में जाने वाले छात्रों के लिए है, जिसके माध्यम से उन्हें VMC के विभिन्न क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स में प्रवेश के साथ-साथ 100प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के जरिए छात्र जेईई, नीट, ओलंपियाड और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मजबूत आधार बना सकते हैं। चयनित छात्रों को मेंटॉरशिप और मोटिवेशनल सेशंस, नि:शुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, नजदीकी वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहयोग, वैज्ञानिक तरीके से तैयार ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। वीएमसी के सह-संस्थापक बृज मोहन के अनुसार, संस्थान की शिक्षण पद्धति छात्रों की जरूरतों को समझते हुए तैयार की गई है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

## अधिवक्ताओं ने किया जयंत चौधरी का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी का जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तोमर व, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में सैकडों अधिवक्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर कपिल कुमार डेढा, संजय , देवेन्द्र योगेन्द्र , नरेन्द्र , अर्पित, धर्मेंद्र, इफ्तखार हसन, मुनेन्द्र , आज़ाद, अवधेश आदि मौजूद रहे।

## बेमौसम बरसात से कई बीघा गेहूं की फसल प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। सुभानपुर, अब्दुलपुर और सांकरौद गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसल जमीन पर गिर गई है। किसानों के अनुसार, इस समय गेहूं की फसल में बालियां निकलनी शुरू हो गई हैं, लेकिन दाना अभी पूरी तरह पका नहीं है। फसल के गिरने से उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। सुभानपुर के किसान शिवकुमार ने बताया कि फसल गिरने से दाना ठीक से विकसित नहीं हो पाएगा, जिससे पैदावार में भारी कमी आने की आशंका है। सांकरौद के किसान ओमप्रकाश, जिनकी सुभानपुर में कई बीघा जमीन पर गेहूं की खेती है, ने बताया कि इस बारिश से उनकी फसल को काफी नुकसान हुआ है। अब्दुलपुर के किसान लिच्छू कुमार ने भी नुकसान की पुष्टि करते हुए कहा कि इस स्थिति में लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। क्षेत्र के अन्य किसान अरुण, शिवकुमार त्यागी, विनोद, चंद्रप्रकाश और प्रशांत ने भी फसल को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह खराब रहा, तो उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।

## बेटियां केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संभावनाओं का है अनंत स्रोत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इस गुड़िया का नाम 'नन्ही कली' अपने आप में एक गहरा संदेश समेटे हुए है। यह नाम बेटियों की मासूमियत, उनकी क्षमता और उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। यह पहल समाज में प्रचलित उन रूढ़िवादी सोच पर प्रहार करती है, जो बेटियों को सीमित दायरे में देखने की कोशिश करती हैं। 'नन्ही कली' यह संदेश देती है कि बेटियां केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संभावनाओं का अनंत स्रोत हैं। यदि उन्हें सही अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास मिले, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। एक समय था जब दादी-नानी अपने हाथों से कपड़े की गुड़िया बनाकर बच्चों को देती थीं। यह परंपरा धीरे-धीरे आधुनिक खिलौनों के कारण समाप्त होती जा रही थी। बागपत की यह पहल उस परंपरा को फिर से जीवित करने का प्रयास है। यह बच्चों को अपनी संस्कृति, अपनी जड़ों और अपनी पहचान से जोड़ने का कार्य करती है। यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को भी मजबूती प्रदान करती है। यह समाज को यह सोचने पर मजबूर करती है कि हर बेटी एक कली है, जिसे खिलने का अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम में विश्व चैंपियन बॉक्सर और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। उनकी प्रेरणादायक बातें वहां मौजूद हर बच्चे, हर महिला और हर युवा के दिल को छू गईं।

## नन्ही कली' के माध्यम से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नवाचार से सामाजिक बदलाव की पहचान बन चुके बागपत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि सोच सकारात्मक हो, तो चुनौतियां ही अवसर बन जाती हैं। खिलाड़ियों की धरती, संघर्ष की मिट्टी और सपनों की उड़ान से पहचाने जाने वाले इस जनपद में आज खेल जगत के सितारों का आगमन हुआ। बागपत ने आज 'नन्ही कली' देसी गुड़िया के रूप में एक ऐसा नवाचार प्रस्तुत किया है जो न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक मजबूत संदेश देगा।

आज जब पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत हो रही थी, उसी समय बागपत प्रशासन ने इस अभियान को एक नई दिशा देते हुए 'नन्ही कली' देसी रैग डॉल को लॉन्च किया। इस अनूठी पहल की शुरुआत उस समय हुई जब महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित जीरो वेस्ट महोत्सव के बाद प्लास्टिक कचरे का बड़ा ढेर प्रशासन के सामने चुनौती बनकर खड़ा था। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में जीरो वेस्ट के संकल्प के साथ इस प्लास्टिक कचरे के बेहतर निस्तारण हेतु कार्य किया। विशेष तकनीक के माध्यम से प्लास्टिक बोतलों को बारीक रेशों में परिवर्तित किया गया, जो देखने में बिल्कुल कपास जैसे मुलायम थे। इसके साथ ही पुराने और अनुपयोगी कपड़ों को भी प्रोसेस कर उपयोगी बनाया गया। इन्हीं दोनों तत्वों के संयोजन से जन्म हुआ 'नन्ही कली' देसी गुड़िया का जो कचरे से बनी है, लेकिन अपने भीतर एक नई




सोच, नई दिशा और नई उम्मीद को संजोए हुए है। 'नन्ही कली' को बागपत के गांवों की महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार किया है। सुई-धागे से सजी यह गुड़िया उनके हुनर, धैर्य और मेहनत की कहानी कहती है। यह पहल महिलाओं को केवल रोजगार नहीं दे रही, बल्कि उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दे रही है। जो महिलाएं पहले घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, आज वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। 'नन्ही कली' के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिल रहा है। 500 से 1000 रुपये की कीमत वाली यह गुड़िया बाजार में न केवल एक उत्पाद के रूप में, बल्कि एक विचार के रूप में स्थापित हो रही है- 'लोकल के लिए वोकल' का सशक्त उदाहरण।

**NOTICE**

I hitherto known as Vikas Kumar Srivastava alias Vikas Kumar S/O Rampal Singh, employed as Head Constable in Delhi Police, Presently Posted at Security Police Headquarters, Bapudham, Chanakyapuri, Delhi, residing at Patti Mula near Masjid, village Sarurpur Kalan, Tehsil and District Baghpat U.P., have changed my name and shall hereafter be known as Vikas Kumar.

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देशभक्ति से सराबोर हुआ नगर

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्च ने पुरे शहर का माहौल बनाया राष्ट्रमय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में हिंदू नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाले गए विराट पथ संचलन ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति और अनुशासन के रंग में रंग दिया। रेलवे रोड स्थित आनंद बालमुकुंद धर्मशाला से प्रारंभ हुआ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए चंडी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इस दौरान भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो उठा।



पथ संचलन घास मंडी तिराहा, जवाहर बाजार, गांधी बाजार और नेशनल हाईवे से होते हुए निकला। जैसे-जैसे स्वयंसेवकों की अनुशासित टोलियां आगे बढ़ती रहीं, वैसे-वैसे सड़कों और बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ती चली गई। घरों की छतों और दुकानों के सामने खड़े नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ इस भव्य आयोजन को देखा और कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित रही। सबसे आगे दोपहिया वाहनों पर कार्यकर्ता मार्गदर्शन करते हुए चल रहे थे, उनके पीछे छोटे स्वयंसेवकों की टोली, फिर युवाओं का दल और अंत में वरिष्ठ स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियां चल रही थीं। पूरा दृश्य किसी सैन्य परेड जैसा अनुशासन और एकरूपता प्रदर्शित कर रहा था। नगर संघ संचालक विपिन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिसने संगठन की एकजुटता और सामाजिक प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। प्रमुख चौराहों और नेशनल हाईवे पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुए बिना संचलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चंडी मंदिर प्रांगण में पहुंचकर कार्यक्रम का समापन किया गया, जहां राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगर संघ संचालक विपिन अग्रवाल ने कहा कि हिंदू नववर्ष हमारी सनातन संस्कृति और आत्मगौरव का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन समाज में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं।

# बावरिया गिरोह पर पुलिस का शिकंजा, लाखों की चोरियों का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर हाफिजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बावरिया गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के सफेद धातु के आभूषण, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की रॉड तथा एक स्कूटी बरामद की है। इस गिरफ्तारी के साथ ही थाना क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं का भी सफल अनावरण कर लिया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को बृजनाथपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से थाना हाफिजपुर के अलावा पिलखुवा और बाबूगढ़ क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार आरोपी अंतरजन. पदीय बावरिया गिरोह से जुड़ा हुआ है, जो विभिन्न जिलों में घूम-घूमकर बंद मकानों को निशाना बनाता है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेन्द्र पुत्र राजपाल सिंह निवासी सिल्वर सिटी पुस्ता चौकी के पीछे, बाला. जी मंदिर के पास, थाना ट्रोनिका सिटी, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है।



उसके खिलाफ हापुड़ जनपद के विभिन्न थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2026 में ही हाफिजपुर, पिलखुवा और बाबूगढ़ थानों में चोरी के कई मामलों में उसका नाम सामने आ चुका है। बरामद सामान में एक जोड़ी सफेद धातु की पाजेब, एक जोड़ी बिछुए, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की रॉड तथा बिना कागजात की एक स्कूटी शामिल है। बरामद आभूषणों को संबंधित मुकदमों से जोड़ा जा रहा है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आरोपी से गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# हत्या की साजिश के आरोप के बाद बढ़ी सुरक्षा मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी Z+ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में दावा किया गया है कि त्यागी की जान को गंभीर खतरा है और हाल ही में उनके खिलाफ हत्या की साजिश रचे जाने की घटना भी सामने आई है।

ज्ञापन में बताया गया कि श्रीकांत त्यागी वर्तमान में देश के कई राज्यों में संगठन विस्तार और जनसंपर्क के लिए लगातार भ्रमण कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे ब्राह्मण, भूमिहार और त्यागी समाज सहित विभिन्न वर्गों के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं, जिसके कारण उनकी सुरक्षा और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ज्ञापन में 10 मार्च 2026 को गाजियाबाद से पूर्वांचल की यात्रा के दौरान हुई एक घटना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया कि सुरक्षा एस्कॉर्ट वाहन में तैनात एक निजी सुरक्षा कर्मी ने फोन पर बातचीत के दौरान त्यागी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया और गोली मारने जैसी धमकी दी। बताया गया कि इस बातचीत को वाहन चालक ने रिकॉर्ड कर लिया था। आरोप है कि घटना सामने आने के बाद संबंधित सुरक्षा कर्मी फरार हो गया, जिसे बाद में नोएडा स्थित पार्टी कार्यालय के पास पकड़ लिया गया। पार्टी की ओर से यह भी आरोप लगाया गया कि मामले की शिकायत थाना फेज-2, नोएडा में दिए जाने के बावजूद अब तक कोई



ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सुरक्षा में लापरवाही बरती गई तो व्यापक जनआक्रोश उत्पन्न हो सकता है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया है कि श्रीकांत त्यागी को तत्काल Z+ श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा सीआरपीएफ या अन्य केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो।

# बेटियों की उड़ानः- कक्षा 10 की छात्रा ने संभाली इंटर कॉलेज की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** राणा शिक्षण शिविर इंटर कॉलेज में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस दौरान छात्रा ने पूरे आत्मविश्वास और गंभीरता के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाईं तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

एक दिन की प्रधानाचार्य बनी वैष्णवी ने शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए, जिनकी सभी ने



सराहना की। उनकी नेतृत्व क्षमता, स्पष्ट सोच और आत्मविश्वास से शिक्षक व कर्मचारी प्रभावित नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह राघव, शिक्षक मुकेश कुमार, त्रिलोकी नाथ, राहिद अनवर, आशीष कुमार सहित अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे और छात्रा का उत्साहवर्धन किया। शिक्षक राहिद अनवर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करते हैं। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह राघव ने भी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालिकाओं में आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति का छठा चरण संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# तहसीलदार से नाराज अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बार एसोसिएशन गढ़मुक्तेश्वर की एक बैठक गुरुवार को अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान व सचिव जितेन्द्र यादव के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार की कार्यशैली एवं अभद्र व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

गढ़मुक्तेश्वर,आम सभा एवं कार्यकारिणी की चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए निर्णय लिया गया कि तहसीलदार न्यायालय का कार्य 19 मार्च से अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कृत रहेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि पूर्व में भी तीन बार कार्य बहिष्कार किया जा चुका है, लेकिन कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ है। प्रस्ताव में कहा गया कि यदि एक सप्ताह तक बहिष्कार के बाद भी तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो 30 से तहसील स्थित समस्त न्यायालयों एवं सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का कार्य भी बंद कर दिया जाएगा। साथ ही, बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिका. रियों से वार्ता करेगा और पारित प्रस्ताव की प्रति संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि तहसीलदार का व्यवहार लगातार अधिवक्ताओं के प्रति असम्मानजनक रहा है, जिससे कार्य करना मुश्किल हो गया है। सचिव जितेन्द्र यादव ने बताया कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ, इसलिए अब अधिवक्ताओं ने कठोर निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में अधिवक्ता उपाध्यक्ष सुभाष मोरल, हरिशंकर राणा, सचिन सिंह, लो. केश गौतम, राज जयन्त, मौ. इमरान खान, ललित कुमार वर्मा, शरियत अली, दिनेश कश्यम, गौरव यादव, अभिषेक तोमर, कुलदीप शर्मा, अमित सैन एवं हर्षित चौहान सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हाईवे पर अफरा-तफरी, बस और टेंपो की टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से हापुड़ की ओर आ रही चौधरी ट्रेवल्स की एक निजी बस छिजारसी टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और इस दौरान एक टेंपो को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि गनीमत रही कि बस और टेंपो में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ने से बस डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि पास से गुजर रहा टेंपो भी बस की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर



अफरा-तफरी का माहौल बन गया और हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही छिजारसी चौकी प्रभारी विवेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने तत्काल क्रेन मंगाकर क्षतिग्रस्त बस को सड़क किनारे कराया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि बस के अनियंत्रित होने के कारण हादसा हुआ। टेंपो से हल्की टक्कर जरूर हुई, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### प्रेसवार्ता में उठा हिस्ट्रीशीटर का मुद्दा, सवालों पर प्रभारी मंत्री की चुप्पी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता उस समय चर्चा का विषय बन गई, जब जिला भाजपा कमेटी में एक कथित हिस्ट्रीशीटर को महत्वपूर्ण पद दिए जाने का मामला सामने आया। बृहस्पतिवार को भाजपा के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल शहर के मनोहर रीजेंसी पहुंचे, जहां उन्होंने योगी सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडाराज समाप्त हुआ है, महिलाओं की सुरक्षा मजबूत हुई है, व्यापारी वर्ग सुरक्षित महसूस कर रहा है, सड़कों का व्यापक विकास हुआ है तथा स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया गया है।



### गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती महंगाई को लेकर समाजवादी महिला सभा ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** समाजवादी महिला सभा, मथुरा द्वारा देशभर में बढ़ती गैस सिलेंडर की कमी और महंगाई के विरोध में महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती बबीता यादव की अध्यक्षता में मथुरा कलेक्ट्रेट पर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सोंपा । प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के आह्वान पर 18 मार्च बुधवार को मथुरा जिला मुख्यालय पर सुबह 11 बजे खाली गैस सिलेंडर के साथ धरना–प्रदर्शन किया गया । वरिष्ठ नेता गौरव किशनपुरिया ने बताया कि पिछले कई दिनों से पूरे प्रदेश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे आम जनता का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है । इस समस्या का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ रहा है, जिन्हें पहले से ही बढ़ती महंगाई का सामना करना पड़ रहा है । महिला सभा ने केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गैस की कमी से इनकार करना जनता और खासकर महिलाओं की परेशानियों को नजरअंदाज करना है । यह स्थिति आम लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने के समान है ।

समाजवादी महिला सभा ने अपने सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में इस प्रदर्शन में भाग लिया कार्यक्रम में मुख्यरूप से राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा बादल राज बंसल जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ नरेश यादव महागर महासचिव अभिषेक यादव महानगर अध्यक्ष व्यापार सभा प्रशांत अग्रवाल जिला महासचिव महिला सभा पूर्वी अग्रवाल मंगल यादव वीके चौधरीध पूनम यादव विमलेश चौधरी सीमा यादव गीता यादव मंजू यादव पुष्पा चौधरी सोनू चौधरी लाडो अंजू चौधरी माला नागर शहनाज खान उर्मिला ठाकुर प्रियंका यादव बबली यादव सुनीता यादव प्रमोद यादव मोहर सिंह मुकेश चौधरी सुल्तान सिंह जबरूद्दीन सचिन चौधरी राजेन्द्र सिंह प्रेम पोनिया भोले उपाध्याय रिषी पाराशर आदि लोग उपस्थित रहे ।

### धूमधाम के साथ निकली माता मनकामेश्वरी की शोभायात्र



**राया।** कस्वा राया में बुधवार को गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी की शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गयी । जगह जगह भक्तजनों ने भोग लगाकर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु , कृष्ण कुमार शर्मा उपखण्ड अधिकारी देवेंद्र तिवारी ने मातारानी की आरती उतारकर किया । शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा मार्ग होते हुए मंदिर परिसर पर जाकर सम्पन्न हुयी । शोभायात्रा के साथ ही नवदुर्गा मेला का शुभारंभ हो गया । इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अभिषेक पाराशर, मनोज नागर, भूपेश अग्रवाल, विकास चौधरी, उमेश सारस्वत, रविकांत वर्मा , डॉ नरेंद्र रावत, अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# खेत में गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बड़का गांव में अवैध गोवंश कटान का मामला सामने आया है। यहां एक किसान के खेत में गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। यह घटना गांव के किसान संजीव के खेत में हुई। अवशेष मिलने की सूचना पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता, किसान परिवार और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों हरवीर, प्रदीप, नरेंद्र, सुभाष और महिपाल ने आरोप लगाया कि असामाजिक तत्वों ने चोरी-छिपे गोवंश का कटान कर अवशेष खेत में फेंक दिए। उन्होंने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। किसान संजीव और उनके परिवार ने भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। इंस्पेक्टर दीक्षित त्यागी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। गांव में स्थिति सामान्य है, लेकिन ग्रामीण प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।



# ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति करेगी उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को सम्मानित



**मथुरा।** ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कल बरेली जयपुर एक्सप्रेसवे पर स्कूल बस में आग लग जाने पर वहां से उत्तर प्रदेश पुलिस कार्यरत मांट जनपद मथुरा पर तैनात उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह जब अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे तो उन्होंने देखा चलती बस में आग से चिंगारी निकल रही है उनकी तत्परता और सूझबूझ से उन्होंने बस को रूकवाते हुए 38 स्कूल बच्चों को बस से सकुशल सुरक्षित निकाल कर सच्चे देशभक्त का परिचय दिया । उनकी इस बहादुरी और कर्तव्य निष्ठा के लिए ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने निर्णय लिया है कि सत्येंद्र सिंह को समिति की तरफ से सम्मानित किया जाएगा ।

### नन्ही कली बेटियों की प्रगति का प्रतीकःडीएम

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बेटियों को भविष्य बताते हुए समाज से सामूहिक संकल्प लेने का आहवान किया और नन्ही कली को बेटियों की प्रगति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर हितेश चौधरी की उपस्थिति रही जिन्होंने बागपत प्रशासन के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि अब जिले की पहचान बेटियां बन रही हैं। वहीं इस अवसर पर नन्ही कली पर आधारित विशेष पुस्तिका का विमोचन और डक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया।

# सीकरी मंशा देवी मंदिर से पैदल अखंड ज्योति लेकर गांव में पहुंचे युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नवरात्रि के अवसर पर दिल्ली और मोदीनगर से पैदल अखंड ज्योति लेकर आए युवकों का लहचौड़ा और रटौल गांवों में भव्य स्वागत किया गया। इन युवकों ने विभिन्न मंदिरों से ज्योति लाकर स्थानीय मंदिरों में स्थापित की।

लहचौड़ा गांव में, युवकों की एक एक टीम मोदीनगर के सीकरी मंशा देवी मंदिर से पैदल अखंड ज्योति लेकर पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। अखंड ज्योति का पूरे गांव में भ्रमण कराया गया, जहां महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस टीम में मोहित गोस्वामी, दीपक शर्मा, सुमित, गोलू और लो. केश सहित अन्य युवक शामिल थे। इसी तरह, रटौल गांव के युवक दिल्ली के कालका जी मंदिर से पैदल अखंड ज्योति लेकर रटौल पहुंचे। गांव में स्थित शिव मंदिर पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां उन्होंने अखंड ज्योति स्थापित की।



# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 में तीसरे दिन प्रतिभा हुई तमगों में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय स्पोर्स्ट्स फिएस्टा 2026 के तीसरे और आखिरी दिन विश्व. विद्यालय के इनडोर और आउटडोर खेल मैदानों पर बास्केट बाल, टग आफ वार(रस्सा खिंचाई), सैवन स्टोन(पिठ्ठू), फुटबाल, बास्केट बाल, कैरम, टेबल टेनिस, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, शार्टपुट की फाइनल भिड़ंत हुई । कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों ने अपने अंतिम मुक. ाबलों में अपनी प्रतिभा का जबर्दस्त प्रदर्शन किया । बास्केट बाल (पुरुष) में फाइनल भिड़ंत अरावली हाउस और शिवालिक हाउस की टीमों के बीच हुई । शिवालिक हाउस की टीम ने विजय हासिल की और स्वर्ण पदक हासिल किया । अरावली हाउस ने दूसरा हासिल कर रजत और नीलगिली हाउस की टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक पर कब्जा किया । बास्केट बाल (महिला) में फाइनल भिड़ंत अरावली हाउस और विध्यांचल हाउस के बीच हुई । विंध्याचल हाउस की टीम ने अरावली हाउस को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया । अरावली हाउस की टीम को रजत पदक मिला वहीं नीलगिरी हाउस ने शिवालिक हाउस की टीम को हराकर कांस्य पदक हासिल किया । टग आफ वार (महिला) में अरावली हाउस की टीम ने विध्यांचल की टीम को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। विध्यांचल हाउस को रजत पदक मिला। शिवालिक हाउस की टीम ने नील गिरी को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। टग आफ वार(पुरुष) में विध्यांचल की टीम ने नीलगिरी हाउस की टीम को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया । नीलगिरी हाउस की टीम रजत पदक हासिल हुआ । वहीं शिवालिक हाउस की टीम ने अरावली हाउस की टीम को हराकर कांस्य पदक हासिल किया । कैरम (पुरुष एकल) में शिवालिक हाउस के राज कुंवर सिंह ने विध्यांचल हाउस के ईशू को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया । विध्यांचल हाउस के ईशु को रजत पदक मिला । नील गिरी हाउस संदीप ने अरावली हाउस के हर्ष यादव को हराकर कांस्य पदक जीता । कैरम (महिला एकल) नीलगिरी हाउस और अरावली हाउस के बीच फाइनल भिड़ंत हुई ।

# प्यार का झांसा, पार्सल का बहाना, सरगना गिरफ्तार

## मैट्रिमोनियल साइट्स पर प्रेम जाल बिछाकर करता था करोड़ों की ठगी, 15 महिलाओं को दिया झांसा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा मैट्रिमोनियल साइट व सोशल मीडिया के जरिए फर्जी पहचान बताकर पीड़ितों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर करोड़ो रुपयों की ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। इसका नाम सैमुअल उर्फ स्टेपनी डेरिक को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। इसके पास से 1800 नायरा, पासपोर्ट अलग अलग नाम , पांच मोबाइल फोन बरामद किया है।

डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि सैमुअल मैट्रिमोनियल साइट्स एवं सोशल मीडिया के जरिए जीवनसाथी की तलाश कर रहे व्यक्तियों से संपर्क करता है। उन्हें अपने प्रेमजाल में फंसाकर विभिन्न तरीकों से ठगता है। जिसमें वह पीड़िता को बताता था कि उसने उसके लिए विदेश से पार्सल भेजा है, जिसे एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया है। इसके बाद पीड़िता को भ्रमित कर ऑनलाइन धोखाधड़ी करता। इस संबंध में पूर्व में थाना साइबर क्राइम पर दो मुकदमे दर्ज है। जिनमें एक पीड़िता से 56 लाख 46 हजार और दूसर से 1 करोड़ 26 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई। पूछताछ के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि आरोपी फर्जी लोन दिलाने के नाम पर भी ऑनलाइन धोखाधड़ी की।

**अलग-अलग नागरिकता के मिले पासपोर्ट:** उन्होंने बताया कि इसके पास से दो अलग-अलग नाम एवं अलग-अलग नागरिकता से संबंधित पासपोर्ट के दस्तावेज बरामद हुए हैं। पहला पासपोर्ट अमान्य हो जाने के बाद वह दूसरे देश में जाकर नई पहचान से नया पासपोर्ट बनवाकर फिर भारत आया। इसके पास कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग वह विभिन्न पहचान बताकर साइबर ठगी करने में करता था।

**ऐसे जाल में फंसाता था:** सैमुअल उर्फ स्टेपनी डेरिक से विशेष टीम गठित ने पूछताछ की। उसने बताया कि वह मैट्रिमोनियल साइट्स से महिलाओं व लड़कियों का डाटा लेता और अपनी वास्तविक पहचान छिपाते हुए अलग-अलग नामों से संपर्क करता था। वह अपने को एक बिजनेसमैन बताकर अलग-अलग देशों का निवासी होने का झूठा दावा करता है। वेबसाइट पर उपलब्ध आकर्षक व्यक्तियों की प्रोफाइल फोटो का उपयोग कर महिलाओं को फंसाता।

पूछताछ में उसने बताया कि वह झांसे में फंसी महिलाओं को भारत आने और यही पर स्टेल होने की बात कहता है। इसके बाद वो फर्जी टिकट भेजकर स्वयं को कस्टम/सिक्योरिटी जांच में फंसा हुआ बताता। और इस बहाने महिलाओं से विभिन्न खातों में धनराशि जमा कराता है।

**15 महिलाओं को अपने जाल में फंसाया:** 15-16 महिलाओं से विभिन्न नाम-पते की प्रोफाइल के माध्यम से संपर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रहा था। इसके कब्जे से बरामद लैपटॉप एवं टैबलेट आदि डिवाइसों से इस प्रकार के अपराध से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। अब तक की पूछताछ में थाना साइबर क्राइम, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पर पंजीकृत अपराध संख्या 07/2025 एवं 45/2025 व आंध्र प्रदेश में दर्ज एनसीआरपी शिकायतों में सलिप्तता मिली।

# बारात चढ़त के दौरान म्यूजिक सिस्टम कराया बंद, दूल्हे के रोने का वीडियो वायरल



शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला पदम में बारात चढ़त के दौरान म्यूजिक सिस्टम नहीं बजने देने का आरोप लगा है। बारातियों द्वारा आरोप लगाने के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उधर पुलिस का कहना है कि रात्रि 11 बजे के बाद भी म्यूजिक सिस्टम बजाया जा रहा था। जिसे बंद कराया गया था।

नगला पदम में बुधवार की शाम विनोद की बेटी निर्मल की बारात कासना से आई थी। जैसे ही दूल्हा बारातियों के साथ रात्रि 8 बजे गांव पहुंचा इसी दौरान तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। खराब मौसम के चलते चढ़त रोक दी गई।

**आखिर क्यों बंद कराया म्यूजिक सिस्टम?:** रात्रि 11 बजे जैसे ही चढ़त म्यूजिक सिस्टम और बैंड बाजा के साथ शुरू हुई तो किसी ग्रामीण ने अपने पिता की गंभीर बीमारी का हवाला देकर पुलिस को फोन कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देकर म्यूजिक सिस्टम को बंद कर दिया।

म्यूजिक सिस्टम बंद करने से नाराज बाराती आक्रोषित हो गए। इस दौरान दूल्हा भी रोता हुआ नजर आया। दलित की बारात नहीं चढ़ने देने का आरोप लगाते हुए और दूल्हा के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ल ने बताया कि बारात में रात्रि 11 बजे चढ़त के दौरान 12 से अधिक म्यूजिक सिस्टम और कई बैंड बाजे तेज गति से बज रहे थे। रात्रि 10 के बाद तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम बजाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार प्रतिबंधित है। इसी के तहत कार्रवाई की गई। आरोप निराधार हैं।

# जांच में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी और महिला दरोगा निलंबित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** युवती को कथित तौर पर प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म और ठगी करने के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को फेज-3 थाना प्रभारी और महिला दरोगा को निलंबित कर दिया। मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा से भी जवाब मांगा गया है। जानकारी के मुताबिक एक युवती ने आरोप लगाया था कि एक युवक ने धर्म छिपाकर उससे दोस्ती की और शादी का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने उससे लाखों रुपये भी ऐंठ लिए।

इस मामले में जब पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठे तो पुलिस कमिश्नर ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने फेज-3 थाना प्रभारी पुनीत कुमार और केस की जांच कर रहीं विवेचक उपनिरीक्षक प्रीति गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जब इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई, तब कुछ जरूरी धाराएं शामिल नहीं की गई थीं। खास तौर पर उत्तर प्रदेश धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और एससी/एसटी ऐक्ट की धाराएं नहीं लगाई गईं। इसे बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने पूरे मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, एसीपी सेंट्रल नोएडा उमेश यादव को मामले की प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने पूरे मामले की विस्तृत जांच एडीसीपी नोएडा को सौंप दी है।

# प्रधानमंत्री नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को करेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से गुरुवार को स्वीकृति मिलने के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने मौखिक रूप से जिलास्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारी पूरी करने के निर्देश दे दिए हैं। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद यहां से प्रतिवर्ष 1.20 करोड़ यात्री उड़ान भर सकेंगे। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रथम चरण के तहत 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। प्रथम चरण में 3900 मीटर लंबा रनवे, यात्री टर्मिनल, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर (एटीसी) और कार्गो हब का निर्माण किया गया है।

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) ने पांच मार्च को एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को मंजूरी दी थी,



नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। हालांकि, कार्यक्रम की तैयारी जिला प्रशासन तीन दिन पहले शुरू करा चुका है।
**मेधा रूपम, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर**

जिसके 24 घंटे बाद ही छह मार्च को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) भी एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू करने के लिए एयरोड्रम लाइसेंस जारी कर चुका है। वहीं, अब गुरुवार को एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि का निर्धारण भी हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। मौके पर प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारी तेज कर दी गई है। एयरपोर्ट साइट पर प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर पंडाल और अन्य कार्य तेजी से पूरे कराए जा रहे हैं। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम और नायल सीईओ आरके सिंह और अन्य अफसर मौके पर बैठकें कर तैयारी की समीक्षा कर कार्य पूरा करने में जुट गए हैं।

आईजीआई एयरपोर्ट का दबाव कम होगानोएडा एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा, जबकि दिल्ली-एनसीआर का दूसरा अंत. रराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा। इसके संच. ालन से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट यानी आईजीआई समेत हिंडन एयरपोर्ट का दबाव कम होगा। साथ ही कार्गो हब से नोएडा, ग्रेनो, दिल्ली, बुलंदशहर, आगरा, टप्पल समेत अन्य शहरों और जिलों के उद्यमी दूसरे देशों में अपना सामान निर्यात कर सकेंगे।

## एक नजर

### एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध वेंडर को किया गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने के मामले में आरपीएफ ने एक अवैध वेंडर को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि 18 मार्च को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली की तरफ जा रही थी। जब ट्रेन रेलवे स्टेशन दादरी के समीप पहुंची तो बिहार जनपद वैशाली के रामपुर गांव निवासी विकास कुमार अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे थे। खाद्य सामग्री बेचने के दौरान जब पुलिस ने खाद्य सामग्री बेचने का लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने अवैध वेंडर को ट्रेन से उतार लिया। आरपीएफ कोतवाली में ले जाकर रेलवे अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### 25 हजार का इनामी गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनामी बदमाश को बृहस्पतिवार को चौगानपुर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिनाजपुर बंगाल निवासी नूर उर्फ सोनू उर्फ छोटू (28) के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में गांव हबीबपुर में रह रहा था। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ ईकोटेक-3 कोतवाली में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। हाल ही में वर्ष 2026 में उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। आरोपी एक सक्रिय गैंग का सदस्य है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### सोसाइटी में प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर कार पर गिरा, क्षतिग्रस्त

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में बुधवार की देर शाम आंधी-बारिश से प्लास्टर का एक बड़ा टुकड़ा अचानक टूटकर गिर गया, जिससे नीचे खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि उस वक्त वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि बुधवार की देर शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। इसी बीच बिल्डिंग से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर खुले में खड़ी कार पर आ गिरा। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार मलिक ने इसकी शिकायत मेंटेनेंस टीम से की है। इस घटना का लोगों ने विरोध जताया।
लोगों ने बताया कि जहां प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा वह रास्ता सोसाइटी के भीतर आम आवाजाही के लिए इस्तेमाल होता है। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।लोगों ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन बिल्डर और मेंटेनेंस टीम कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।पहले भी हादसे हो चुके- 6 मार्च 2026 : ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली सेंचुरियन पार्क ट्रॉपिकल गार्डन सोसाइटी में एक फ्लैट की छत का प्लास्टर छूटकर नीचे गिरा था।- 10 मार्च 2026 : ग्रेनो वेस्ट की रॉयल नेस्ट सोसाइटी में एक फ्लैट में प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया था।

### जमीन पर बोर्ड लगाकर जबरन कब्जे की कोशिश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गांव मोहियापुर में जमीनी विवाद में दबंगों ने पीड़ित की जमीन पर जबरन बोर्ड लगाकर कब्जा करने की कोशिश की और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। सेक्टर-93 गेझा नोएडा निवासी राजकुमार और बलबीर लोहिया ने बताया कि गांव मोहियापुर स्थित उनकी करीब 5200 गज जमीन उनके बच्चों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जमीन की रजिस्ट्री और म्यूटेशन भी पूरा हो चुका है। आरोप है कि जतन, महेश, सोनू और धीरज नामक व्यक्तियों ने मिलीभगत कर उनकी जमीन पर अक्तूबर 2025 में अवैध रूप से बोर्ड लगा दिए। इस संबंध में उन्होंने सेक्टर-142 कोतवाली में शिकायत दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब वह अपनी जमीन पर सफाई करने गए तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। उन्होंने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया, लेकिन इसके बावजूद न तो रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही आरोपियों पर कार्रवाई हुई। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# दो घरों से नगदी और गहने चोरी

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में दो घरों में चोरी की घटनाएं सामने आईं। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक बदमाश चार मार्च को सेक्टर गामा-2 निवासी राजेश कुमार के घर का ताला तोड़कर करीब सवा लाख रुपये और सोने-चांदी के गहने ले गए।

पुलिस ने जांच के बाद अब इस मामले में मुकदमा दर्ज किया। इसी तरह बदमाशों ने चार मार्च को ही सेक्टर बीटा-2 निवासी अविनाश के घर का ताला तोड़कर गहने चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। पुलिस ने छानबीन के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

# खुले नालों को ढकने का काम शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे खुले पड़े नालों को ढकने का काम शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को शहरी क्षेत्र के विप्रो गोलचक्कर से सेक्टर 36 व 37 की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे खुले नालों को ढकने का काम किया गया। इसमें प्रीकास्ट यानी पूर्व निर्मित ढक्कन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह काम एक से दो माह में पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक दो मीटर चौड़े सभी नालों को ढकने का काम किया जाएगा। सड़कों के किनो खुले नालों को चिन्हित कर पूर्व में निविदा जारी की थी।

इस पर दो करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। नोएडा में पानी से भरे गहरे गड्ढे में कार समेत गिरने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत की घटना के बाद गड्ढों को भरने के साथ खुले नालों को ढकने के काम में तेजी ला दी गई है। दुर्घटना संभावित स्थानों पर रिफ्लेक्टिंग टैप लगा दिए गए थे। अब स्थायी समाधान पर काम शुरू कर दिया गया है। बता दें कि जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्य सड़कों के किनारे नाले का निर्माण किया गया है,जिनकी चौड़ाई दो मीटर व उससे अधिक है। वर्षों पहले बने इन नालों की स्लैब यानी छत जगह- जगह पर टूट गई है। इससे हादसे का खतरा बना रहता है। यही नहीं नाले खुले होने की वजह से कचरा भी जमा हो जाता है, जिससे जल निक. ासी की समस्या पैदा हो जाती है।वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने बताया कि खुले नाले को ढकने का काम शुरू कर दिया है। गुरुवार को विप्रो गोलचक्कर से सेक्टर-36 व 37 की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे स्थित नाले को ढकने का काम किया गया।

# प्लॉट की नीलामी के नियम बदले, अब 30 ईएमडी और 70 बैंक गारंटी देकर लगाएं बोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। योजना में आवेदन करने वाले पात्र लोगों के लिए अब नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए। इससे ई नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले आवेदकों के लिए अब पात्रता आड़े नहीं आएगी।

अब आपको अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) के रूप में प्राधिकरण में सामान्य पात्र लोगों की तरह दस राशि जमा करने की जरूरत नहीं है, बल्कि 30 प्रतिशत ईएमडी जमा कर 70 प्रतिशत की बीजी (बैंक गारंटी) देकर आप सीधे ई नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं।

प्राधिकरण आपके कागजी दस्तावेज का परीक्षण ही नहीं करेगा। यही नहीं यदि आप ई नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने के दौरान एचवन बिडर (सबसे अधिक बोल. ीदाता) बनते है, तो आपके नीचे वाले सभी बिडर अन्य भूखंड योजना की ई नीलामी प्रक्रिया में ई बोली लगाने के लिए अपने आप ही पात्र हो जाएंगे।

इससे उन्हें इस बात का भी मलाल नहीं होगा कि उन्हें एचवन बिडर के कारण ई नीलामी प्रक्रिया में बाहर होने से अन्य भूखंड में बोली लगाने का मौका नहीं मिल सका।

वर्तमान में प्राधिकरण में होटल, वाणिज्जिक, कारपोरेट भूखंड आवंटन की योजना चल रही है, जिसमें ईएमडी जमा करने की प्रक्रिया मंगलवार को बंद हुई थी, इसे एक सप्ताह के लिए रोल ओवर कर दिया गया है। बता दें कि प्राधिकरण ने यह बड़ा बदलाव यूनिफाइड पालिसी लागू करने के बाद लिया है। इसका प्रत्येक आवेदनकर्ताओं को जानकारी नहीं है।

**होटल भूखंड योजना में जेवी को मौका:** होटल भूखंड में आवंटन के नियमों में भी बदलाव किया गया है। एचवन विडर आने के बाद उसे 40 दिन में पूरा पैसा प्राधिकरण खाते में जमा करना है। इस दौरान वह बड़े होटलों के चेन के साथ ज्वाइंट वेंचर कर भी पूरी राशि जमा कर सकता है।

इसके बाद आवंटन पत्र जारी किया जाएगा। यह व्यवस्था केवल होटल भूखंड योजना के लिए ही मान्य है, अन्य वाणिज्यिक भूखंड को दूर रखा गया है।

# बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद

■ किसानों को हुआ भारी नुकसान, मुआवजे की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में बुधवार देर रात आए तेज तूफान और बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कई गांवों में गेहूं की फसल को क्षति पहुंची है, जिससे किसान चिंतित हैं।

किसानों ने बताया कि फसल में बाल आ चुकी थी और कुछ ही दिनों में कटाई की तैयारी चल रही थी। हालांकि, अचानक हुई बारिश और तेज हवाओं के कारण खड़ी फसल खेतों में गिर गई।

किसान ओमवीर नागर, सतीश कनारसी और दिनेश नागर सहित अन्य किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश से उनकी पूरी फसल प्रभावित हुई है। फसल के खेतों में गिरने से दानों की गुणवत्ता और कुल पैदावार दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। किसानों का कहना है कि इस नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि उन्होंने फसल की तैयारी में पहले ही काफी निवेश किया था। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर राहत नहीं मिली, तो उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# कारोबारी को धमकी देने का आरोप

**नोएडा।** फेज-3 थाना क्षेत्र में एक कारोबारी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित मनुवीर त्यागी ने अपने पूर्व साझेदार और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ फेज-3 थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-88 निवासी मनुवीर त्यागी हैंडीक्राफ्ट का कारोबार करते हैं। उन्होंने सेक्टर-67 में लोकेश चौहान की बिल्डिंग किराये पर ली थी और उसे अपना साझेदार बनाया था। बाद में मनुवीर ने अपना कार्यालय सेक्टर-88 में शिफ्ट कर लिया और नए पार्टनर के साथ काम शुरू कर दिया। आरोप है कि इससे नाराज होकर लोकेश रंजिश रखने लगा। उसने 13 मार्च को व्हाट्सऐप कॉल कर एक गुंडे के जरिए धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्क्रैप माफिया रवि काना ने अदालत से अग्रिम जमानत मांगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** स्क्रैप माफिया रवि काना ने नोएडा के सेक्टर-39 थाने में दर्ज एक मुकदमे में अग्रिम जमानत के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की है। रवि काना से जुड़े दो प्रकरण में 25 मार्च को अदालत में सुनवाई होगी। अधिवक्ता ललित मोहन गुप्ता के अनुसार नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वह 21 फरवरी की रात सेक्टर-133 में एक शादी समारोह से अपनी कार से लौट रहे थे। जब वह सेक्टर-42 के जंगल के पास पहुंचे, तभी दो बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी रुकवा ली। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए खुद को रवि काना गैंग से जुड़ा बताया और कहा कि उनका साथी पंकज पराशर जेल में है। उन्होंने पीड़ित को चेतावनी दी कि मीडिया क्लब का अध्यक्ष बनने के बाद से वह उनके गैंग के खिलाफ खबरें प्रकाशित करा रहे हैं। यदि उन्होंने ऐसा करना बंद नहीं किया और अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि पिछले डेढ़ वर्ष में गैंग को हुए कथित नुकसान की भरपाई के लिए सात दिन के भीतर पांच करोड़ रुपये की व्यवस्था करनी होगी, अन्यथा जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया।दूसरा, सेक्टर-63 कोतवाली में दर्ज रंगदारी के एक अन्य मामले में भी रवि काना की अग्रिम जमानत को लेकर सुनवाई होनी है। पिछले फरवरी में अदालत ने आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए एक सप्ताह के भीतर पुलिस के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया था। हालांकि, आरोपी की ओर से पुलिस के सामने पेश न होने के लिए एनकाउंटर का डर बताते हुए छूट की मांग की गई है।

# पीएनजी उपभोक्ताओं के एलपीजी कनेक्शन कटेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जिले में जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी का कनेक्शन है। इसके बाद भी एलपीजी सिलेंडर का उपभोग कर रहा है तो ऐसे उपभोक्ताओं का एलपीजी कनेक्शन बंद हो जाएगा। जिले में 50 हजार से अधिक उपभोक्ता के पास दोनों तरह के कनेक्शन हैं। गैस कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि इस व्यवस्था लागू होने से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी खत्म होगी। जिले में पीएनजी के साढ़े चार लाख उपभोक्ता हैं। वहीं, घरेलू एलपीजी के करीब 10 लाख उपभोक्ता हैं। पीएनजी गैस कंपनी के अधिकारियों ने दावा किया है कि अब पीएनजी कनेक्शन का लाभ उठाने वाले उपभोक्ता एलपीजी सिलेंडर का लाभ नहीं उठा सकेंगे।

ऐसे उपभोक्ताओं को सॉफ्टवेयर की मदद से चिह्नित किया जा रहा है। गैस कंपनी के अधिकारियों ने दावा किया है जिले में ऐसे 50 हजार उपभोक्ता है, जो कि एलपीजी और पीएनजी दोनों के कनेक्शन का लाभ उठा रहे हैं। अब इन उपभोक्ताओं का कनेक्शन बंद किया जाएगा। अधिकारियों ने अपील की है कि ऐसे उपभोक्ता स्वयं गैस एजेंसी पहुंचकर एलपीजी कनेक्शन को बंद करा दें। अन्यथा एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग कराने पर एलपीजी का गैस कनेक्शन बंद हो जाएगा।

# स्वास्थ्यकर्मियों की भविष्य निधि जमा नहीं होने पर नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में दो आउटसोर्स एजेंसी के तहत कार्यरत 300 से अधिक कर्मचारियों को एक साल से भविष्य निधि और ईएसआईसी (चिकित्सा) का लाभ नहीं मिल रहा है। इसकी शिकायत पर जिला अस्पताल प्रबंधन ने एजेंसी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला अस्पताल की सीएमएस की ओर से जारी नोटिस के बाद पैंथर सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज और ऑल ग्लोबल हाउस कीपिंग सर्विसेज ने पांच अप्रैल तक पैसा जमा करने का आश्वासन दिया है। जिला अस्पताल में सफाई कार्य, वार्ड ब्वाय और अन्य इमरजेंसी कार्य के लिए निजी एजेंसियां टेंडर के आधार पर काम कर रही हैं।

कर्मचारियों के अनुसार एक वर्ष से ईपीएफ और ईएसआईसी की रकम जमा नहीं की गई है। सफाई कर्मियों को प्रत्येक वर्ष का ईएल, सीएल मेडिकल की कोई छुट्टी नहीं मिलती। मासिक वेतन भी समय से नहीं दिया जाता है। जिला अस्पताल की सीएमएस ने इसे दंडनीय अपराध मानते हुए एजेंसी को नोटिस जारी किया है। एजेंसी के मालिक बनी सिंह ने बताया कि कर्मियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करने को कहा है। अधिकांश ने कागजात नहीं दिए या फिर दस्तावेज अधूरे हैं। पांच अप्रैल तक इस मद की रकम जमा हो जाएगी।

# चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

■ श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** चैत्र की नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गए हैं। नौ दिनों तक आदिशक्ति के नौ स्वरूप की कलश स्थापना के साथ मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना शुरू हो गई। इसके साथ ही शहर में पंडाल भी सज गए हैं। नवरात्रों को लेकर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही मंदिरों में लोगों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं।

सनातन धर्म मंदिर के पुजारी ने बताया कि भक्तों के लिए सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए कलश स्थापना की गई। इसके बाद



बैरिकेड लगाकर एक-एक करके श्रद्धालुओं को अंदर भेजा गया। यहां लोगों ने पूजा अर्चना की। मंदिरों में प्रत्येक दिन मां दुर्गा का पाठ और कीर्तन होंगे। इसके अलावा सेक्टर-20 हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे मंदिर में भगवती की आराधना की गई। मंदिर समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो तरफ से लाइनों की व्यवस्था की गई है। वहीं सर्फाबाद प्राचीन मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सेक्टर-2 लाल मंदिर में भी भीड़ रही। इस दौरान सभी मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती रही।

**खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़:** शुक्रवार सुबह को कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू हो गई। इसको लेकर मंदिर समेत विभिन्न पूजा-पंडालों में चहल पहल बढ़ गई है। वहीं, बाजारों में भी पूजा सामग्री खरीदने वालों की भारी भीड़ रही। कलश स्थापना के लिए लोगों ने कलश, चुनरी, नारियल, जौ, अगरबत्ती, शहद, मिष्ठान, फल और नए वस्त्र आदि की खरीदारी की। पूजा सामग्री की दुकानों के अलावा माता दुर्गा की मूर्तियां खरीदने के लिए भी बाजारों में भीड़ है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# मंडलायुक्त ने किया जनपद शामली का निरीक्षण

## बैठक में एसआईआर को लेकर की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, डॉ. रूपेश कुमार, ने जनपद शामली का निरीक्षण किया। उन्होंने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आयोग की चेकलिस्ट में उल्लिखित 12 बिंदुओं पर समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में रोल प्रेक्षक ने नोटिस वितरण एवं सुनवाई की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1,86,599 नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से सभी की सुनवाई पूर्ण हो चुकी है। इसके अलावा, कुल 63,223 फॉर्म-6, 4 फॉर्म-6ए, 5,355 फॉर्म-7 और 28,861 फॉर्म-8 प्राप्त हुए, जिनका गुणवत्ता परक निस्तारण किया जा रहा है। रोल प्रेक्षक ने जेंडर



रेशियो और ईपी रेशियो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद का ईपी रेशियो 53.73 है, जो आयोग के मानक से कम है, इसका पुनः विश्लेषण किया जाए। उन्होंने बुक क ॉल विद बीएलओ की कार्यप्रगति पर संतोष जताया और एनजीएसपी में लंबित शिकायत न होने पर सभी ईआरओ की प्रशंसा की। उन्होंने मतदाता सूची में फोटो की गुणवत्ता जांचने और अस्पष्ट फोटो बदलने, बोर्डर एरिया में नाम डबल न होने की जांच करने तथा बीएलओ को घर-घर सर्वे करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मल्टीलेयर चेकिंग की प्रक्रिया अपनाने और स्वीकृत एवं अस्वीकृत फॉर्म ईआरओ नेट पर जां. चने के निर्देश भी दिए। अधिकांश अस्वी कृत फॉर्म पर कारण ह्मतदाता का नाम पहले से ही पंजीकृत है अंकित था।

रोल प्रेक्षक ने सुझाव दिया कि डबल फॉर्मों में एपिक नंबर अंकित करने से कार्य में सुधार होगा और इसे बीएलओ को भी समझाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वक्ष सत्येन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित सभी एसडीएम और तहस. ीलदार उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मतदाता रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था।

# जनपद न्यायाधीश ने संप्रेषण गृह का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, इन्द्रप्रीत सिंह जोश ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मेरठ का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने निरूद्ध किशोरों से संवाद स्थापित किया और उनके समस्याओं एवं चिंताओं को सीधे सुना।

निरीक्षण के दौरान जोश ने किशोरों के कल्याण और उनके पुनर्वास की दिशा में उठाए जा रहे उपायों का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सम्प्रेक्षण गृह में रहने वाले किशोरों को सभी कानूनी और सामाजिक सहायता समय पर उपलब्ध हो। इसके अलावा, उन्होंने यह देखा कि किशोरों की देखभाल, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उचित रूप से प्रदान की जा रही हैं या नहीं। निरीक्षण में अपर सत्र न्यायाधीश (पोक्सो कोर्ट) सीमा वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव श्रीमती आँचल



कसाना, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड अमर प्रसाद और जिला प्रोबेशन कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने किशोरों के मामलों और उनके पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। जनपद न्यायाधीश जोश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किशोर न्याय प्रणाली के तहत सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की अनदेखी न होने पाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें भविष्य में समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए सक्षम बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान किशोरों ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों को सीधे न्यायाधीश के सामने रखा। जोश ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक सुधार और कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण का उद्देश्य किशोरों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके कल्याण की गारंटी और सम्प्रेक्षण गृह में व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था।

# सड़क हादसे में वृद्ध की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव ख्यावड़ी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 60 वर्षीय वृद्ध जुम्मा पुत्र फूल सिंह की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार, जुम्मा का शव सुबह ग्रामीणों को सड़क किनारे पड़ा मिला। शव देखते ही गांव में हड़कंप मच गया और तुरंत इस घटना की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब जुम्मा को मृत अवस्था में देखा तो वे गहरे सदमे में डूब गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थानाभवन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने जुम्मा को टक्कर मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कादरगढ़ चौकी इंचार्ज दीपचंद ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है और लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# पिता ने पुत्र व पुत्रवधू पर मारपीट के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव सोह. जनी उमरपुर मे एक पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहाँ एक व्यक्ति ने अपने ही पुत्र व पुत्रवधू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाना भवन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित पप्पू ने बताया कि उसका पुत्र विकास और पुत्रवधू दीपा आए दिन उसके व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करते हैं तथा जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। आरोप है कि 12 मार्च 2026 की सुबह दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की जिसमें उसका हाथ टूट गया। परिजनों ने किसी तरह उसे बचाया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी पुत्रवधू दीपा परिवार के अन्य सदस्यों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। साथ ही बच्चों को जहर देकर मारने और पूरे परिवार को जेल भिजवाने की धमकियां भी आए दिन देती रहती है स जिससे परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शामली पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना भवन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल पारिवा. रिक विघटन को दर्शाती है बल्कि समाज में रिश्तों के बदलते स्वरूप और बढ़ते घरेलू विवादों की ओर भी संकेत करती है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# कानून व्यवस्था को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना में आगामी ईद उल फितर, नवरात्रि और रामनवमी पर्वों को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त और फ्लैग मार्च जारी है।

इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों और बाजारों में सघन भ्रमण किया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहनता से जांच की। अधिकारियों का कहना है कि पैदल गश्त और फ्लैग मार्च के माध्यम से किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना प्राथमिक उद्देश्य है। पुलिस का यह भी प्रयास है कि आमजन तक



संदेश पहुंचे और उन्हें शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की प्रेरणा दी जाए। इसके लिए अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील भी की है। महत्वपूर्ण स्थानों और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष निगरानी रखी है और संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की निरंतर चेकिंग सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस टीम ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। पैदल गश्त के दौरान पुलिस का आमजन से संवाद भी स्थापित किया गया, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। इस तैयारी से शहरवासियों में सुरक्षा और भरोसा बढ़ा है, और वे उत्सवों को बिना किसी भय के मनाने के लिए तैयार हैं।

# जिला स्तरीय बालक-बालिका भारत्तोलन की हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला खेल विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को शहीद उद्यम सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय बालक-बालिका भारत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना बताया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन और जिला भारत्तोलन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखचेन वालिया ने संयुक्त रूप से किया। दोनों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और खेलों में नाम कमाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने



का सबसे बड़ा लाभ अनुभव और आत्मविश्वास होता है, जो भविष्य में बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 48 किग्रा वर्ग में शिफा ने प्रथम, सोनम द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान हासिल किया। 53 किग्रा वर्ग में निधि, राखी और रचना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 63 किग्रा वर्ग में तपस्या, सीमा और रूही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर कब्जा किया। 69 किग्रा वर्ग में आशु प्रथम, तनू द्वितीय और रीना तृतीय रहीं। 77 किग्रा वर्ग में वंदना, अंशु और अंजना ने पुरस्कार जीते, जबकि 86 किग्रा वर्ग में वंशिका प्रथम रहीं। बालक वर्ग में भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। 60 किग्रा में अक्षित बालियान प्रथम, आर्यन द्वितीय और अमन तृतीय रहे। 65 किग्रा वर्ग में रिहान, तरुण और अमित ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। 71 किग्रा में अभय प्रथम, हंस द्वितीय और देव तृतीय रहे। 79 किग्रा में जुनैद, अंकुर और गौरव ने पुरस्कार जीते। 88 किग्रा में विकास प्रथम और 110 किग्रा में सिद्धार्थ चौहान ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विकास बालियान, गौरव राठौर, सोनू अहलावत, करण गिरी, अमित मान और आकाश चौधरी सहित कई युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन का समापन उत्साह और खुशी के साथ हुआ।

# उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा, नगर पालिका परिषद के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के प्रतिनिधियों ने सफाई कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में वर्ष 2006 में नियुक्त संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने की मांग की गई। उनका कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को यह सुविधा दी जा



रही है, लेकिन सफाई कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है, जो कि उनके साथ अन्याय है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के मृतक आश्रितों को उसी आधार पर नियुक्ति देने की मांग भी उठाई गई, ताकि उनके परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके। वहीं, वर्ष 2005 में नियुक्त स्थायी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने की मांग की गई, जिससे कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हो सके। संघ ने यह भी मुद्दा उठाया कि नगर पालिका परिषद शामली और नगर पंचायतों में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रेणी में रखा गया है, जबकि वे अपने कार्य में दक्ष और अनुभवी हैं। इसलिए उन्हें कुशल या अर्धकुशल श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर न्यूनतम 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने की भी मांग की गई। इसके अलावा, नगर पालिका परिषद के स्थायी कर्मचारियों के मृतक आश्रितों को वर्ष 2016 से पारिवारिक पेंशन महंगाई भत्ते सहित लागू करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। संघ के पदा. धिकारियों ने मुख्यमंत्री से इन सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान शाखा अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तेश्वर, अमित तेश्वर, विनोद निर्वाल, देवेंद्र कुमार बिडला, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र चंद्रा, सचिन तेश्वर, जोगेश पाहिवाल, मनीष गहलोत और संदीप कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा बेंच शुरू

## जनगणना के महत्व, सामाजिक लाभ की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्टर सभागार में डिजिटल जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण प्रथम बैच के सफलतापूर्वक संपन्न सत्र (16-18 मार्च) के बाद आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को पूरी तरह प्रशिक्षित करना और उन्हें आगामी जनगणना 2027 के लिए तैयार करना है।

सत्र का शुभारंभ एसडीएम (न्यायिक) शिवाजी यादव ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के महत्व, इसके प्रशासनिक और सामाजिक लाभ, और जनसांख्यिकी आंकड़ों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद मास्टर ट्रेनर सचिन विकल, शिव कुमार भारती (जनगणना निदेशालय, लखनऊ) और रंजीत कुमार ने प्रशिक्षण सत्र को आगे बढ़ाया। प्रशिक्षकों ने जनगणना की अवधारणाओं, जनगणना अधि. नियम, प्रगणक क्षेत्र और मकान सूचीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रथम दिवस में फील्ड ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिससे फील्ड ट्रेनर्स की समझ और तैयारी का आकलन किया गया। प्रशिक्षकों ने उन्हें आगामी दिनों में होने वाले क्रियाकलापों, क्षेत्र भ्रमण और व्यावहारिक प्रशिक्षण की रूपरेखा भी स्पष्ट की।

इस दौरान सभी फील्ड ट्रेनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल फील्ड ट्रेनर्स को कुशल बनाना है, बल्कि उनके माध्यम से प्रगणक और पर्यवेक्षकों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस प्रक्रिया से सुनिश्चित किया जाएगा कि जनगणना 2027 समय पर, व्यवस्थित और सही आंकड़ों के साथ संपन्न हो। सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने फील्ड ट्रेनर्स को यह भी समझाया कि जनगणना में प्रत्येक जानकारी का महत्व है और इसे सावधानीपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से एकत्र करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के अंत में सभी फील्ड ट्रेनर्स ने अपने अनुभव साझा किए और आने वाले कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस तरह का व्यवस्थित प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगा कि जनगणना 2027 प्रभावी, सटीक और सफल तरीके से सम्पन्न हो, जिससे प्रशासनिक नीतियों और योजनाओं के लिए भरोसेमंद आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

# प्रथम नवरात्र को मां शैलपुत्री की हुई पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** जनपद में चौत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही गुरुवार को मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान के साथ माता रानी की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हिंदू नववर्ष के आगमन के साथ शुरू हुए इस पावन पर्व पर घर-घर में कलश स्थापना और पूजा-पाठ का विशेष आयोजन किया गया। सुबह के समय से ही श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा की उपासना शुरू की और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वहीं जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत कलश स्थापना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। हनुमान धाम स्थित श्री दुर्गा



मंदिर, सब्जी मंडी स्थित अठे वाला दुर्गा मंदिर और राजो मोहल्ला स्थित श्री चौदस वाला दुर्गा मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन सच्चे मन से मां की आराधना करने से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक



ऊर्जा का वास होता है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। मंदि. रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट से मंदिरों की भव्यता और भी बढ़ गई। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। मंदिर परिसरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूरे दिन मंदिरों में भजन-कीर्तन और माता के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। नवरात्र के पहले दिन का यह उत्साह पूरे शहर में दिखाई दिया और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# गांधी चौक पर हुआ नव रात्र पर भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष और चौत्र नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के गांधी चौक स्थित नगर अध्यक्ष विवेक बंसल के कार्यालय पर संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित व्यापारियों ने एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष और मां दुर्गा के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रसाद का वितरण कर धार्मिक आस्था और भाईचारे का संदेश दिया गया। वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय और श्रद्धा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदा. धिकारियों और सदस्यों ने व्यापारियों के हितों की रक्षा को लेकर भी चर्चा की। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट रहने तथा समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और समरसता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक मजबूत संगठन ही व्यापारियों की आवाज को प्रभावी तरीके से प्रशासन तक पहुंचा सकता है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राज. कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष अंकित जैन, जिला महामंत्री पीयूष वर्मा, एडवोकेट निर्भय संगल, वैभव प्रकाश गोयल, प्रतीक गर्ग, विनीत कर्णवाल, सुशील चौहान, राहुल कुमार दीवाना, अंकित तुवर, विपिन अत्री, विकास सोनी, विकास गोयल, अंकित गुप्ता, संदीप मित्तल और शौरभ बंसल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ हुआ, जिसमें सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# आर्य समाज मंदिर में यज्ञ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नव संवत्सर और आर्य समाज के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर महिला आर्य समाज के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर स्थित यज्ञशाला में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में कौशल्या आर्या एवं पूनम आर्या उपस्थित रहीं। यज्ञ का संचालन आर्य समाज के पुरोहित आदित्य आर्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक किया गया। मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सभी ने नव संवत्सर और आर्य समाज के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार और समाज में एकता, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर संरक्षिका कमला आर्या, संतोष आर्य, प्रधान सुनीतपाल आर्या, सुषमा आर्या, नीलम आर्या, राजपाल आर्य, अमरीश आर्य, डॉ. राजेंद्र पाल, राजेश धीमान और बबीता धीमान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

# स्कूली बस ने स्कूटी सवार दो अध्यापिकाओं को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव खोडसमा में गुरुवार सुबह स्कॉलर प्राइड स्कूल, कमालपुर की एक बस ने गुरू वशिष्ट इंटर कॉलेज की दो अध्यापिकाओं की स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों अध्यापिका गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार में चल रही थी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल महिलाओं को सड़क से उठाकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार दोनों अध्यापिकाएं आकांक्षा और वर्षा, क ॉलेज में पढ़ाती हैं और सुबह स्कूल जाने के लिए स्कूटी पर सवार थीं। उनका कहना है कि स्कूली बस ने अचानक टक्कर मारी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी बस चालक ने घायल अध्यापिकाओं का उपचार कराने के बजाय बस को भागाकर ले गया। इससे न केवल अध्यापिकाओं की जान पर खतरा उत्पन्न हुआ, बल्कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती थी। पीड़ित परिवार ने चौसाना चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना के समय बस बहुत तेज गति से चल रही थी और चालक ने नियमों का उल्लंघन किया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है और बस चालक की तलाश की जा रही है। परिवार और ग्रामीण अधिकारियों से मांग कर रहे हैं कि हादसे के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं घायल अध्यापिकाओं का अस्पताल में उपचार जारी है और उनके स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ा दी है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# एमडीए की टीम ने पत्रकार सनी बजरंगी पर किया हमला

## थाने में धरने पर बैठे पत्रकार, कार्रवाई के लिए पुलिस को अनुमति का इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मवाना में एक अवैध कॉलोनी पर मेरठ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई की कवरेज कर रहे पत्रकार पर बाबू खां नाम के प्राधिकरण गार्ड ने हमला बोल दिया। पत्रकार की गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। बाबू खां ने यह हमला मौके पर मौजूद जेई व मेरठ की एक प्राधिकरण महिला अधिकारी द्वारा फोन पर निर्देश देने के बाद किया गया। पीड़ित ने तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर, पुलिस ने उसका मेडिकल तक नहीं कराया। कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील क्षेत्र के पत्रकारों ने थाने में धरना दिया। सीओ व इंस्पेक्टर मवाना ने सरकारी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुमति मिलने के बाद ही रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। इसके लिए पुलिस द्वारा शुक्रवार शाम तक की मोहलत मांगने के बाद धरना स्थगित कर दिया गया।



बुधवार को पत्रकार संचित अरोड़ा ( पीली टीशर्ट में ) के साथ हुई मारपीट।

### गार्ड हैं या गुंडे, रहते हैं टीम में

भ्रष्टाचार में सिर तक डूबे मेरठ विकास प्रा. धिकरण की टीम के साथ गार्ड की वर्दी में गुंडे रखना प्राधिकरण अधिकारियों की आदत बन गई है। बुधवार को मवाना मेरठ रोड पर एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के लिए प्राधिकरण की टीम दल-बल के साथ पहुंची थी। मेरठ के एक प्रतिष्ठित चैनल का पत्रकार संचित अरोड़ा उर्फ सनी बजरंगी अपने साथी इसरार के साथ कवरेज करने पहुंचा। कवरेज करने के दौरान मौके पर मौजूद जेई ने फोन पर मेरठ से एक महिला अधिकारी का निर्देश मिलने के बाद टीम में शामिल एक गार्ड/गुंडे बाबू खां को सनी बजरंगी को सबक सिखाने को कहा। बस फिर क्या था, आरोपी ने पत्रकार का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और उसे कई बार धकियाया। वहां, मौजूद मवाना खुर्द निवासी एक वकील ने उसका वीडियो बना लिया।

### कार्रवाई के लिए पुलिस को चाहिए अनुमति

पीड़ित पत्रकार सनी सीधा थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए पुलिस को घटना की वीडियो सौंप दी। आरोप है कि पुलिस ने उसकी मेडिकल जांच नहीं कराई और टरका दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर गुरूवार दोपहर तहसील क्षेत्र के पत्रकार थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। सीओ मवाना पंकज लवानिया ने कहा कि तहरीर में सरकारी कर्मचारी का नाम है, जिसके चलते शासन से अनुमति लेनी होगी। उसके बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घंटों तक चले हंगामे के बाद सीओ व इंस्पेक्टर मवाना पूनम जादौन ने कार्रवाई के लिए शुक्रवार शाम तक मोहलत मांगी। पुलिस के आश्वासन पर पत्रकारों ने धरना स्थगित कर दिया।



थाना मवाना में धरने पर बैठे पत्रकार व सामाजिक संगठन के लोग।

### कई संगठनों ने दिया समर्थन

कार्रवाई की मांग को लेकर पत्रकारों के हुए धरने को कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया। समर्थन देने वालों में सभी पत्रकार संगठनों के अलावा बार एसोसियेशन मवाना, भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा, भाकियू टिकैत, राष्ट्रीय बजरंग दल, अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल, उप्र एकता मंच, सामाजिक युवा एवं चैरिटेबल ट्रस्ट, सर्राफा एवं स्वर्णकार एसोसियेशन, प.उ.प्र. संयुक्त व्यापार मंडल, श्री गुरूमत सेवा संघ, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धरने को समर्थन दिया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के पत्रकार जयवीर त्यागी, कनैया अवतार, अजय सिंह, मोबीन सलमानी, ताज मोहम्मद, रिजवान अहमद, शौहीद सैफी, प्रवेश नूनिवाल, संजीव गौतम, अपूर्व रस्तोगी, सुनीत जाटव, नवनीत चौहान, नरेश चौधरी, विनय वर्मा, सुभाष गाबा, विजय गंगपुरी एडवोकेट, नितिन चौहान, दिवाकर बैंसला, अशोक चौहान आदि मौजूद रहे।

### फ्लिपकार्ट स्टडी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 50 प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर चलाना चाहते हैं इलेक्ट्रिक वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के होमग्रोन मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने गुरुवार को 'द लास्ट माईल लीप: एम्पॉवरिंग डिलीवरी फ्लीट्स टू एक्सेलरेट इंडियाज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ट्रांजिशन' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के लिए भारत के लगभग 6,000 डिलीवरी पार्टनर्स का सर्वे किया गया। फ्लिपकार्ट की इस रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के डिलीवरी पार्टनर इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में बहुत ज्यादा रुचि रखते हैं। सर्वे में शामिल 50 प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर्स ने ई.वी. अपनाने की इच्छा जाहिर की। इस सर्वे ने उत्तर प्रदेश में डिलीवरी पार्टनर्स द्वारा ई.वी एडॉप्शन की जबरदस्त संभावनाएं प्रदर्शित कीं क्योंकि यहाँ वाहन फाईनेंसिंग और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती सुविधाएं लगातार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अनुकूल वातावरण बना रही हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप के हेड, सस्टेनेबिलिटी, निशांत गुप्ता ने कहा कि फ्लिपकार्ट में सस्टेनेबिलिटी एक मूल्य आधारित परिवेश का निर्माण करने से जुड़ी है, ताकि पृथ्वी और हमारे प्लेटफॉर्म को संचालित करने वाले लोगों को उसका लाभ मिल सके।

# त्यौहारों के मद्देनजर जानी पुलिस ने मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देश के बाद जानी थाना पुलिस ने मुस्लिम बहुमूल्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च जानी खुर्द, जानी कला, सिवाल खास रसूलपुर धौलडी आदि गांव में निकाला गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी कपिल देव, इंस्पेक्टर विजय राय, सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार, सुभारती चौकी इंचार्ज विपिन नेगी, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह आदि पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों से शांति व्यवस्था की अपील की और कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे से मनाएं और नवरात्रों का भी विशेष ध्यान रखें, कोई भी मीट की दुकान खुली ना मिले, अगर त्यौहारों के नजदीक कोई भी संदिग्ध व्यक्ति कहानी घूमता दिखाई दें तो तुरंत थाना पुलिस को सूचित करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें वहीं ग्रामीणों ने भी पुलिस की बात को सराहा।



# नामित सभासद बनने पर युवा अधिवक्ता अक्षत शर्मा का हुआ सम्मान

- शासन द्वारा नगर पालिका मवाना में नामित हुए हैं पांच सभासद
- अक्षत शर्मा ने राज्यमंत्री दिनेश खटीक व प्रदेश सरकार का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एक दिन में भाजपा के 400 से अधिक नए सदस्य बनाने वाले युवा नेता एडवोकेट अक्षत शर्मा को राज्यमंत्री दिनेश खटीक की सिफारिश पर शासन ने नगर पालिका मवाना का सभासद नामित किया है। अक्षत प्रदेश में सबसे कम उम्र के नामित सभासद हैं। उनके पिता आदेश शर्मा क्षेत्र के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। गुरूवार को अक्षत के सम्मान में मवाना बार एसोसिएशन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

गौरतलब है कि उ.प्र. शासन ने सभी नगर निकायों में नामित बोर्ड सदस्यों की सूची जारी कर दी है। मवाना नगर पालिका में अक्षत शर्मा, अलक. नंदा, दर्शन चौहान, बाबूराम प्रजापति व पूर्व विधायक गोपाल काली के पुत्र अर्जुन सिंह को शासन ने सभासद पद के लिए नामित किया है। अक्षत शर्मा ने भाजपा के सदस्य अभियान में एक ही दिन में 400 नए सदस्य बनाकर भाजपा संगठन और राज्यमंत्री दिनेश खटीक की नजर में अपनी खास जगह बना ली थी। राज्यमंत्री की सिफारिश पर अक्षत शर्मा का भाजपा जिलास्तर से शासन को भेजा गया था। नामित सभासदों की सूची में अक्षत शर्मा सिर्फ मवाना ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में चुने गए नामित सभासदों में सबसे युवा हैं। गुरूवार को मवाना बार एसोसियेशन में उनके सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, प्रवीण कुमार दुबलिश, रधुवर बंसल, पंकज नागर, आशीष कुमार, आशू गुप्ता, मोहम्मद असलम, पुनीत कुमार सैनी, विरेंद्र भड़ाना, विपिन चौहान आदि अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपना आशीर्वाद दिया। अक्षत शर्मा ने अपने संबोधन में राज्यमंत्री दिनेश खटीक, भाजपा संगठन व प्रदेश सरकार व समस्त अधिवक्ता समाज का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में सफाई, पेजयल व रात्रि में प्रकाश व्यवस्था का पूरी तरह ख्याल रखा जाएगा।



# हत्या के मामले में 6 वर्ष बाद बाप बरी, बेटा दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** न्यायाधीश के विषय में कहा जाता है कि वह हंसराज होते हैं जो दूध को अलग और पानी को अलग करते हैं। हालांकि आम तौर पर ऐसा होता नहीं है लेकिन कभी-कभी कहावत हकीकत में भी बदलती हैं। 28 जनवरी 2020 को थाना परीक्षितगढ़ के अन्तर्गत पड़ने वाले गांव मवी निवासी संदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता सतपाल को गांव के ही तुषार त्यागी व तुषार के पिता नरेश उर्फ बाबू बुलाकर ले गए थे तथा उनकी हत्या करके शव फेंक दिया। पड़ोसी से जानकारी मिलने पर उसे पता चला। तफ्तीश के बाद पुलिस ने न्यायालय में पिता पुत्र के विरूद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता मोहित गुप्ता व कोर्ट माहर्रिर संचित और कुसुम ने मजबूत पैरवी करके कई लोगों की गवाही कराई जिसके बाद एससी/एसटी कोर्ट के न्यायाधीश पवन शुक्ला ने गुरुवार को करीब पांच बजे इस मामले में अपना निर्णय सुनाया जिसमें पिता नरेश को बरी कर दिया गया और पुत्र तुषार को दोषी माना गया। सजा की घोषणा बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद शुक्रवार को की जाएगी लेकिन न्यायाधीश पवन शुक्ला के विषय में एक बार फिर यह तथ्य सामने आया है कि वह दूध और पानी को अलग करने में विशेषज्ञ हैं। कुछ दिन पूर्व भी वह एसएसी/एसटी कोर्ट में आए हैं इससे पूर्व वह एंटी करप्शन द्वितीय कोर्ट में न्यायाधीश थे। वहां पर एक मामला उनका चर्चा में आया था सारे गवाह पक्षद्रोही हो गए लेकिन साक्ष्य के आधार पर पवन शुक्ला ने केस को मुकाम तक पहुंचाया। आम तौर पर बहुत ही धार्मिक स्वभाव के पवन शुक्ला सुबह को सबसे पहले 9:30 बजे कोर्ट में पहुंचते हैं और पांच बजे तक 200 से ज्यादा पत्रावली सुनते हैं। गौरतलब है जनपद में एससी/एसटी समाज के उत्पीड़न से जुड़े तमाम मामलों की सुनवाई इस विशेष कोर्ट में ही होती है। हालांकि पवन शुक्ला से पूर्व असलम सिद्दीकी भी अपने निर्णयों के लिए जाने जाते थे। इंसाफ का दौर चलता ही रहना चाहिए।

# लावड़ में एसपी देहात ने फोर्स के साथ किया पैदल मार्च, ईदगाह का भी किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नवरात्रि और ईद के त्यौहार को देखते हुए बृहस्पतिवार को एसपी देहात अभिजीत कुमार व एसपी बजरंग प्रसाद ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने देर शाम ईद के त्यौहार को देखते हुए कस्बे की ईदगाह का भी दौरा किया और सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ दिशा निर्देश भी दिए जिन मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी वहां भी उन्होंने निरीक्षण किया। साथ ही कहा कि त्योहारों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने या माहौल खराब करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। एसपी देहात ने कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहारों को मनाए। इस दौरान एसपी देहात के साथ लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



# सुभारती के इंटीरियर डिजाइन छात्रों का टोटो इंडिया में औद्योगिक दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन (एनबीएससीएफएफ), स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, मेरठ के इंटीरियर डिजाइन के विद्यार्थियों ने टोटो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का एक ज्ञानवर्धक औद्योगिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य सैनेटरीवेयर डिजाइन एवं आधुनिक बाथरूम समाधानों के क्षेत्र में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को कम करना था। दौरे के दौरान छात्रों को बाथरूम फिटिंग्स, स्मार्ट सैनिटरी तकनीकों, टिकाऊ जल प्रबंधन समाधानों तथा समकालीन डिजाइन ट्रेंड्स में नवीनतम नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र ने विद्यार्थियों को उत्पाद की कार्यक्षमता, एर्गोनॉमिक्स, सामग्री के उपयोग एवं इंटीरियर स्पेस में तकनीकी एकीकरण की गहन समझ प्रदान की। कार्यक्रम का कुशल समन्वय रजनी सहायक शोरूम प्रबंधक, सिमरनप्रीत सेल्स एग्जीक्यूटिव व राजेश सेल्स एग्जीक्यूटिव द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को शोरूम का भ्रमण कराते हुए विभिन्न उत्पादों की विशेषताओं को विस्तार से समझाया। उनके इंटरैक्टिव सत्रों एवं लाइव डेमो ने छात्रों को उद्योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक चर्चाओं में भाग लेते हुए प्रश्न पूछे और स्पेस प्लानिंग, फिक्स्चर चयन तथा एस्थेटिक समन्वय जैसे महत्वपूर्ण डिजाइन पहलुओं को समझा। यह औद्योगिक दौरा विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ और व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा एवं डीन एवं प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा का आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन एवं अनुमति से यह दौरा संभव हो सका। साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सिंह को उनके निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया। समग्र रूप से यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक समृद्ध अनुभव रहा जिसने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा प्रदान करते हुए कक्षा में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन के इंटीरियर डिजाइन अनुप्रयोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सुभारती विश्वविद्यालय में ईद-उल-फितर पर 'ईदी' देकर भाईचारे का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खुशियों और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे देश-दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में भी ईद का पर्व बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर (डॉ.) सरताज अहमद ने विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) शल्या राज को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक 'ईदी' भेंट कर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया कि सुभारती विश्वविद्यालय में सभी धर्मों और प्रांतों के त्योहार समान उत्साह और सम्मान के साथ मनाए जाते हैं, जो भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह परंपरा आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णामूर्ति सहित सभी निदेशक, प्राचार्यगण एवं डीन ने समस्त सुभारती परिवार को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। डॉ. सरताज अहमद ने इस अवसर पर राष्ट्र एवं समस्त मानवता के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सभी को सनातन हिंदू नववर्ष की भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सुभारती में द लीन स्टार्टअप पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के अंतर्गत आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स द्वारा एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से 'द लीन स्टार्टअप इन प्रैक्टिस: पिवोटिंग, बूटस्ट्रैपिंग और मूल्यों को खोए बिना स्केलिंग पर वास्तविक सबक' विषय पर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता के रूप में सुश्री प्राची प्रेमी अध्यक्ष महिला विंग, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मेरठ एवं संस्थापक, प्राची फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने शिरकत की। उन्होंने अपने उद्यमी जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्टार्टअप की चुनौतियों का सामना किस प्रकार किया जाए और सीमित संसाधनों के साथ भी व्यवसाय को सफल बनाया जा सकता है। व्याख्या के उपरांत एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने स्टार्टअप से जुड़ी बाधाओं, फंडिंग रणनीतियों तथा महिला उद्यमियों के लिए कार्य-जीवन संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रो. (डॉ.) पद्मा मिश्रा कार्यवाहक डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए विश्व. विद्यालय के सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम, इनक्यूबेशन सुविधाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सारिका अभय सदस्य सचिव एवं ईडीसी समन्वयक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. गौरव कुमार शर्मा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि विवि का उद्देश्य छात्रों को 'नौकरी चाहने वाले' के बजाय 'नौकरी प्रदाता' बनाना है। इस अवसर पर इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक एवं प्रबंधन सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### पंत 'उत्साहित' तेंदुलकर जूनियर के बैट के वजन से इम्प्रेस हुए

**लखनऊ, वार्ता।** अर्जुन तेंदुलकर अपनी शादी के बाद आईपीएल के लिए अभ्यास करने मैदान में उतर आए हैं। अर्जुन अपनी नई आईपीएल टीम, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ मैदान में उतरे हैं, और उन्होंने अपने नए कप्तान )षभ पंत को दो मामलों में पहले ही इम्प्रेस कर दिया है। पहला, अपने बैट के वजन के लिए – जितना उनके पिता सचिन इस्तेमाल करते थे, उतना भारी नहीं, लेकिन फिर भी भारी है – और दूसरा, मार्च की शुरुआत में अपनी बहुत चर्चित शादी के तुरंत बाद ट्रेनिंग शुरू करने के लिए। अब तेंदुलकर जूनियर और पंत दोनों अपने नए खिलाड़ी से कुछ बड़ा प्रदर्शन देखना चाहेंगे, जिसने मुंबई इंडियंस के साथ दो आईपीएल सीजन में सिर्फ पांच मैच खेले हैं और कुछ खास नहीं किया है।

### अल्काराज ने कंगारु का टैटू बनवाया

**मियामी, वार्ता।** हर बड़े चैंपियन के अपने रिचुअल होते हैं, लेकिन कार्लोस अल्काराज ने शायद एक बार फिर लेवल बढ़ा दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपनी बात पर कायम रहते हुए, स्पेन के इस खिलाड़ी ने मेलबर्न में अपनी जीत को सिर्फ यादों में ही नहीं रहने दिया। इसके बजाय, 22 साल के इस खिलाड़ी ने इसे आर्ट में बदल दिया, अपने निचले बाएं पैर पर एक नया टैटू बनवाया: एक कंगारू नॉर्मन ब्रूक्स चैलेंज कप पकड़े हुए, 0जसके फ्रेम में ऑस्ट्रेलिया की एक साफ आउटलाइन है। यह एक ऐसा डिजाइन है जिसका अल्काराज ने पहली बार फरवरी में नोवाक जो. कोविच के खिलाफ मेलबर्न में अपनी आखिरी जीत के बाद इशारा किया था, जब वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

# डीसी ने आईपीएल-2026 के लिए नई जर्सी लॉन्च की



● **जर्सी का डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह पिप्रेजेंट करती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 बस आने ही वाला है, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की को-ओन्ड दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को नए सीजन के लिए अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च की।

इसका डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह रिप्रेजेंट करती है। कैंपेन फिल्म में पुरुष और महिला दोनों टीमों के कैप्टन, अक्षर पटेल और जेमिमा रोड्रिग्स, अपनी तरह के पहले जर्सी लॉन्च में एक साथ हैं, जिसमें दोनों टीमें एक साथ दिख रही हैं। यह एक शेयर्ड आइडेंटिटी को दिखाता है और दिल्ली कैपिटल्स की दोनों टीमों के बीच बढ़ते तालमेल को सेलिब्रेट करता है।

नई जर्सी के लॉन्च पर बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, ष्यह जर्सी हमारे शहर, पहचान और मैदान पर हमारे निडर माइंडसेट का जश्न मनाती है। आईपीएल जर्सी लॉन्च कैंपेन में पहली बार, हमें अपनी महिला टीम की कप्तान, जेमिमा रोड्रिग्स को भी शामिल करते हुए गर्व हो रहा है, क्योंकि यह टीमों में एक जैसा दिल्ली कैपिटल्स कल्चर बनाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। नीले और लाल रंग में हमारे टाइगर्स तैयार हैं, और हम आगे एक रोमांचक सीजन की उम्मीद कर रहे हैं।

# ब्रंट पारिवारिक कारणों से लौटीं घर



● **इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं है, जहां वह आने वाले इंटरनेशनल सीजन की तैयारी कर रहे 30 खिलाड़ियों में से एक थीं। बाकी ग्रुप इस महीने के आखिर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगा, और जून और जुलाई में होने वाले घरेलू टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के सिलेक्शन के लिए दबाव बनाने के लिए पांच इंट्रा-स्क्वाड मैचों की सीरीज खेलेगा।

यह ट्रिप असल में यूएई के लिए प्लान की गई थी, लेकिन इलाके में चल रहे झगड़े की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। साइवर-ब्रंट पहले ट्रायल मैच में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने 24 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम ब्रिटिन को टीम के दूसरे आधे हिस्से के खिलाफ नौ विकेट से जीत दिलाई, जिसे पूरे टूर के दौरान टीम हेहो फ्लिट के नाम से जाना जाता था। माया बाउचियर ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए, जब साथी ओपनर सोफिया डंकले 12 रन पर डैनी गिब्सन द्वारा रन आउट हो गईं, जो पिछले हफ्ते की हंड्रेड नीलामी में सबसे बड़े विजेताओं में से एक थीं, जहां उन्हें सनराइजर्स लीड्स ने 190,000 पाउंड में खरीदा था।

टीम ब्रिटिन 20 ओवर में 110 रन के टारगेट का पीछा कर रही थी, जब इस्सी वोंग ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिसी स्मिथ और सीमर लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए। टीम ब्रिटिन ने आठ ओवर बाकी रहते अपना टारगेट हासिल कर लिया। इंग्लैंड की महिला टीम मई में दो व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच होंगे।

### विनय ने अर्जुनवीर के खिलाफ प्लेऑफ में जीता खिताब

**गुरुग्राम, वार्ता।** दिल्ली के विनय कुमार यादव ने गुरुग्राम के गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 25 लाख रुपये के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन 2026 में चंडीगढ़ के 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता। तीस साल के विनय कुमार यादव (72-70-71), जो रात भर चौथे नंबर पर थे और लीड से तीन शॉट पीछे थे, ने तीसरे राउंड में एक-अंडर 71 का कार्ड बनाया और रेगुलर 54 होल के आखिर में टीनएजर अर्जुनवीर शिशिर (71-70-72) के साथ कुल तीन-अंडर 213 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में टॉप पर रहे। पंद्रह साल के रूकी अर्जुनवीर, जो फील्ड में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# आईटीटीएफ ने 2027 में युगल विश्व कप शुरू करने की घोषणा की

● **यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया**

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2027 में आईटीटीएफ युगल विश्व कप शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। इस टूर्नामेंट में पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित युगल स्पर्धाओं का एक साथ आयोजन किया जाएगा।

आईटीटीएफ का पुरुषों और महिलाओं का विश्व कप एकल स्पर्धा के साथ ही अब आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप भी होगा। आईटीटीएफ की इस घोषणा के साथ ही यह माना जा रहा है कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक टेबल टेनिस के युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उनका यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। लॉस एंजे. लिस में, पुरुषों और महिलाओं की युगल स्पर्धा एथेंस 2004 के बाद पहली बार ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी करेंगी।


आईटीटीएफ की अध्यक्ष पेट्रा सोरलिग ने कहा कि युगल स्पर्धाएं ओलंपिक खेलों में वापसी कर रहे हैं और आईटीटीएफ युगल विश्व कप के जरिए हम इस मौके का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम दुनिया के बेहतरीन युगल खिलाड़ियों को वह विश्वकप मंच दे रहे हैं जिसके वे हकदार हैं और लॉस एंजेलिस तक पहुंचने का रास्ता बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुरुषों और महिलाओं का विश्वकप 2024 में वापस आया।

# आयुष, तन्वी व खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में

● **आयुष शेट्टी ने किरण जॉर्ज को, अनमोल खरब ने तुर्की की अरिन को हराया**







**फ्रांस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है।

पैलेस डेस स्पोर्ट्स में बुधवार को खेले गए एकल मुकाबले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने हम वतन किरण जॉर्ज को हराया। वहीं महिला एकल के मुकाबले में अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को हरा कर तथा तन्वी शर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त सुपानिंदा कातेथोंग को बाहर कर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। यूएस ओपन 2025 चैंपियन आयुष शेट्टी पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने पहले दौर के एक 'ऑल-इंडियन' मुकाबले में किरण जॉर्ज को 17-21, 21-10, 21-17 से हराकर वापसी की। ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने के बाद, किरण जॉर्ज ने लगातार पांच अंक हासिल किए और इतनी बड़ी बढ़त बना ली कि पहला गेम आसानी से जीत लिया। हालांकि, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में अपना खेल का स्तर ऊंचा उठाया और शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी ने अपनी लय को निर्णायक तीसरे गेम में भी जारी रखा और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। किरण जॉर्ज ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर का अंतर कम करके 16-15 तक पहुंचा दिया, लेकिन शेट्टी ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा, किरण के बढ़ते दबाव को रोका और दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन ने 21-12, 21-10 से हरा दिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत तो तेज की और 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन फिर मैग्नस जोहानसन ने मैच पर नियंत्रण पा लिया( उन्होंने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी की कोशिश की और एक समय स्कोर का अंतर कम करके 12-10 तक ले आए। हालांकि, मैग्नस जोहानसन ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए लगातार नौ अंक हासिल किए और मात्र 26 मिनट में ही मुक. ाबला जीत लिया। महिला एकल में, अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में शानदार एंट्री की। माल. विका बंसोड़ ने भी चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन के खिलाफ अपना महिला एकल मैच 21-18, 21-14 के स्कोर से जीता।

# ग्वाटेमाला फ्रेंडली मैच के लिए अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे लियोनेल मेसी



● **मैनेजर लियोनल स्कोलोनी ने अपनी टीम में दो नए प्लयरों को शामिल किया**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस महीने के आखिर में ग्वाटेमाला के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप वार्म-अप फ्रेंडली मैच में लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने अपनी 28 लोगों की टीम में दो नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया: एस्टुडिएंट्स के सेंटर-बैक टॉमस पालासियोस और रेसिग क्लब के लेफ्ट-बैक गेब्रियल रोजास। लेकिन घायल तिकड़ी लुटारो मार्टिनेज, लिसेंड्रो मार्टिनेज और जियोवानी लो सेल्सो के लिए कोई जगह नहीं थी।

इंटर मिलान के स्ट्राइकर मार्टिनेज और मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मार्टिनेज पिडली की चोट से उबर रहे हैं, जबकि रियल बेटिस के मिडफील्डर लो सेल्सो को क्वाड्रिसेप्स में खिचाव है। अर्जेंटीना का सामना 31 मार्च को ब्यूनस आयर्स के ला बॉम्बोनेरा में ग्वाटेमाला से होगा। मिडिल ईस्ट में झगड़े की वजह से स्पेन के खिलाफ ष्फाइनलिसिमाष कैंसिल होने के बाद मंगलवार को मैच कन्फर्म हुआ। यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले यह अर्जेंटीना का एकमात्र तय मैच है। मौजूदा चैंपियन 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रिया और जॉर्डन का भी सामना करेगा।

# जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षक कोच बने



● **जॉन मूनी ने एंटोस रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी।

44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था।

वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 एकदिवसीय और 27 टी- 20 मैच खेले हैं। उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहा. सिक जीत में विजई रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी और अब तक कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है।

# हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते हैं : क्रेग फुल्टन



● **हॉकी विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड पाक व वेल्स के साथ रखा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के आधिकारिक पूल ड्रॉ और कार्यक्रम की घोषणा के बाद, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने गुरुवार को कहा कि हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते है, लेकिन हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है।

भारत को पूल डी में शीर्ष वरीयता प्राप्त इंग्लैंड, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत टीम वेल्स के साथ रखा गया है। ग्रुप-चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम के साथ शिविर में ड्रॉ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने कहा, ष्हम उत्साहित हैं। यह एक मजबूत ग्रुप है, लेकिन विश्वकप में आप ठीक यही तो चाहते हैं कि आपकी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हो। टीम के शिविर में माहौल बहुत सकारात्मक है। खिलाड़ी प्रेरित और जीत के लिए भूखे हैं और अब जब हमें अपने विरोधियों के बारे में पता चल गया है, तो हमारी तैयारियों में हमें वास्तविक स्पष्टता और एकाग्रता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एक सुव्यवस्थित, शारीरिक रूप से मजबूत टीम है, जो हमारे पूल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भी है। पाकिस्तान अपनी कलात्मकता, अप्रत्याशितता और समृद्ध हॉकी परंपरा के साथ आता है। यह ऐसी टीम नहीं है जिसे कभी हल्के में लिया जाए। वेल्स अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और वह ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से भरा होगा। हम इस पूल में हर विरोधी का सम्मान करते हैं, लेकिन हम उन सभी के खिलाफ खुद पर भरोसा रखते हैं। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह एक विशेष मुकाबला है जो भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रहा है। इसलिए कोचिंग स्टाफ ने पहले ही एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी संरचना, अपने दबाव और अपनी फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत करेंगे। ए वे बारीक पहलू हैं जो इस स्तर पर मैचों का फैसला करते हैं।

### इंडिया अंडर-20 विमेंस एशियन चैलेंज के लिए तैयार:शुभांगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड में जापान के खिलाफ अपने पहले मैच से सिर्फ दो हफ्ते पहले, इंडियन अंडर20 विमेंस नेशनल टीम लंबे समय से इंतजार की जा रही वापसी के करीब है। अपनी पिछली मौजूदगी के दो दशक बाद, इंडिया एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप में वापस आ गया है, और 2 अप्रैल को उन्हें इस मुश्किल से बाहर निकालने के लिए कैप्टन शुभांगी सिंह लीड करेंगी। शुभांगी के लिए, क्वालिफिकेशन की अहमियत पहले ही समझ में आ चुकी है। म्यांमार में जश्न, जहां इंडिया ने अपना 20 साल का इंतजार खत्म किया, अब एक तेज, ज्यादा तुरंत फोकस की जगह ले चुका है। उन्होंने कहा, ष्हम वहां क्वालिफाई करने के माइंडसेट के साथ गए थे, और हमने कर दिखाया।ष ष्जब आपको पहले से ही लगता है कि कुछ होने वाला है, तो यह हैरानी की बात नहीं है। यह विश्वास अब एक टीम को उस चीज के लिए तैयार कर रहा है जिसे वह मानती हैं।

# अपने 100वें T-20 मैच में निडरता के साथ सर्वश्रेष्ठ दोहराना चाहती हूं : गार्डनर

● **एश्ले गार्डनर 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी**

**सेंट विसेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है। आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी।

टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी। डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था। गार्डनर ने कहा कि इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों।

इसमें सबसे जरूरी है कि आप स्थिति को बहुत तेजी से समझें और अपने खेल की गति को भी बहुत जल्दी से बदलें। शायद यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं इस प्रारुप में लंबे समय से बहुत अच्छे से नहीं कर पा रही थी। इसमें बस यही कोशिश करनी होती है कि मैं बहुत तेजी से लय में आ जाऊं, परिस्थितियों को समझूं और यह सुनिश्चित करूं कि मैं वही कर रही हूं जिसकी टीम को उस स्थिति में मुझसे जरूरत है। साथ ही, मैं अपनी ताकत से पीछे न हटूं और जो भी फैसले लूं, उन्हें पूरी हिम्मत के साथ लूं। मैं एक ऐसी इंसान थी जिसे कोई डर नहीं था और मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मैं बड़ी और अधिक समझदार होती गई, मेरे अंदर डर भी बढ़ता गया। इस मायने में कि मैं जिदगी और आम तौर पर क्रिकेट को कैसे देखती हूं। मैं उस (निडरता) का थोड़ा सा इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, ष्तो जब मैं दबाव में होती हूं, तो मैं सच में उस निडरता को जगाने और सही दिशा देने की कोशिश करती हूं, जो कभी-कभी करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अगर आपमें अधिक आत्मविश्वास नहीं है, तो यह आखिरी चीज होती है जो आप करना चाहेंगे। लेकिन मेरे लिए, यही वह समय होता है जब मैं अपना सबसे अच्छा क्रिकेट खेल रही होती हूं।

# 'मैं अभिषेक को सहवाग से जोड़ता हूं' : कुंबले



● **कहा : मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक शर्मा, वह निडर खिलाड़ी जिसने पिछले दो सीजन में टाटा आईपीएल में धूम मचा दी थी, 2026 में अच्छे फॉर्म की उम्मीद कर रहा होगा।

जियोस्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट एबी डिविलियर्स और अनिल कुंबले ने अभिषेक की ऑफ-स्पिन के खिलाफ दिक्कतों, उनके इनकंसिस्टेंटनेस, उम्मीदों के दबाव और वह इन चुनौतियों का सामना करके अपने बेस्ट फॉर्म में कैसे लौट सकते हैं, इस पर अपने विचार शेयर किए।

अनिल कुंबले ने कहा कि मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है। अगर आप उनके छोटे इंटरनेशनल करियर को देखें, तो वह पहले से ही नंबर वन टी20 इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजों पर हावी रहते हैं और उन्हें दबाव में डालते हैं, लेकिन इस तरह की डराने वाली बैटिंग स्टाइल के साथ, कंसिस्टेंसी बनाए रखना मुश्किल है, खासकर टीम के नजरिए से। अभिषेक के साथ इंडिया ने इसे अच्छे से मैनेज किया, क्योंकि नहीं तो यह थोड़ा मुश्किल हो सकता था। दूसरे बैट्समैन भी थे जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, और उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए आपको ऐसी टीम की जरूरत होती है। इसीलिए उन्हें एसआरएच के लिए खेलने में मजा आया, जहां उन्हें खुलकर बैटिंग करने की आजादी है। एक चीज जो उन्होंने अब एडजस्ट कर ली होगी, वह है ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ उनकी दिक्कत, जिसे उन्होंने फाइनल में मैनेज किया और फिफ्टी बनाई।

अगर आप एक महान खिलाड़ी और कंसिस्टेंट खिलाड़ी बनना चाहते हैं, तो सिर्फ यह जरूरी नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपको क्या नहीं करना चाहिए, और इसे अपने दिमाग में कंट्रोल करना ही सबसे जरूरी होगा। अभिषेक शर्मा के क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहने पर कुं. बले ने कहा कि मैं उन्हें वीरेंद्र सहवाग जैसे किसी से जोड़ता हूं, क्योंकि वह हर बॉल को हिट करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से वनडे क्रिकेट और फिर टी20 क्रिकेट में आए, तो उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी को थोड़ा अलग तरीके से आगे बढ़ाना होगा। लेकिन वीरेंद्र सहवाग अभी भी 140-150 के स्ट्राइक-रेट से खेलते थे।

इसलिए, अभिषेक शर्मा को इस बारे में सोचना शुरू करना होगा, यह कहते हुए कि, 'मैं 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें हैं, क्या मुझे अब 300 के स्ट्राइक-रेट से खेलना चाहिए? यानी 85-90। टी20 फॉर्मेट में आपको इसी तरह की मैच्योरिटी चाहिए। शायद इस सीजन में आप अभिषेक शर्मा में इसी तरह की मैच्योरिटी देखेंगे, जिसकी एसआरएच उम्मीद कर रही होगी। डिविलियर्स ने कहा कि वह अब 20 का नहीं, बल्कि 25 साल का है। इसलिए, यह पक्का वह फेज है जहां उसे ज्यादा जम्मिेदारी लेनी शुरू करनी होगी।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता कब

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर एलपीजी की आपूर्ति को लेकर देश में चिंता बढ़ गई है। उत्पादन बढ़ाने और कई सख्त कदम उठाने के बावजूद गैस की कमी और कालाबाजारी की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। इस स्थिति का सीधा असर छोटे कारोबारों और उनसे जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। ऐसे हालात में सरकार पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी को लंबे समय के समाधान के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि आयात पर अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंच रहा है, वैसे-वैसे भारत में एलपीजी को लेकर संकट भी गहराता जा रहा है। सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि मौजूदा स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद देश की रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और घरेलू उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि भी की गई है। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है और कई जगहों पर गैस की कमी महसूस की जा रही है। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानी ईएसएमए लागू किया हुआ है, ताकि गैस की आपूर्ति बाधित न हो। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि अवैध तरीके से गैस की बिक्री और जमाखोरी अब भी जारी है। कमर्शियल एलपीजी की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल, रेस्तरां, ढाबों और छोटी-छोटी खाने-पीने की दुकानों पर पड़ा है। कई जगहों पर ए व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं या अस्थाई रूप से बंद हो चुके हैं। इसका परिणाम यह है कि इनसे जुड़े लाखों लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सरकार फिलहाल इस बात को प्राथमिकता दे रही है कि देश के घरों में रसोई गैस की आपूर्ति किसी भी हाल में बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो। इसके साथ ही सरकार लोगों और राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए संकट ने भारत को यह सो. चने का मौका दिया है कि उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों और आयात पर निर्भरता को किस तरह संतुलित करना चाहिए। एलपीजी से पीएनजी की ओर बढ़ना केवल वर्तमान संकट से निपटने का उपाय नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यह देश के हित में साबित हो सकता है। भारत में इस समय करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है। समस्या यह है कि इस आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उस समुद्री मार्ग से आता है, जो इस समय अस्थिरता की वजह से प्रभावित है। दूसरी ओर अगर प्राकृतिक गैस की बात करें तो देश अपनी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा खुद ही उत्पादन कर लेता है। जो गैस आयात की जाती है, उसके स्रोत और रास्ते भी अपेक्षाकृत विविध हैं, इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने से पूरी आपूर्ति पर उतना बड़ा असर नहीं पड़ता। यही कारण है कि पीएनजी को भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में वहां कितनी स्थिरता बनी रहेगी। ऐसे में भारत अपनी घरेलू जरूरतों को किसी अस्थिर क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य पर निर्भर नहीं छोड़ सकता।

## राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात



भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें, राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है, एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है, उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए, भारतीय जनता पार्टी उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है, वे चाहते हैं कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे , ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं, इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# दुनिया के लिए मौन चेतावनी है गौरैया पर मंडराता संकट





**योगेश कुमार गोयल**

**गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।**

पक्षी पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, उनकी उपस्थिति हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया, जो कभी हर आंगन, छतों तथा बगीचों में चहकती थी और हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज दुर्लभ होती जा रही है। यह प्यारा सा पक्षी, जो हमारे घरों और आसपास के पेड़-पौधों पर बसेरा करता था, अब विलुप्ति के कगार पर है और इसकी चहचहाहट सुनने को कान तरस जाते हैं। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट से दिलोदिमाग को सुकून मिलता था लेकिन अब यह चहचहाहट कहीं गायब सी हो गई है। गौरैया का भारतीय लोककथाओं और कविताओं में विशेष स्थान रहा है और यह हमारी भावनाओं और जीवन के दैनिक अनुभवों का हिस्सा रही है। करीब दो दशक पहले तक यह चिड़िया हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है।

भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी गौरैया की संख्या काफी कम हो गई है। नीदरलैंड में तो गौरैया को 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य जैसे देशों में भी इनकी संख्या तेजी से घट रही है। कई पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लोगों को गौरैया के तेजी से घटते अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और उसके संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 2010 में 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा शुरू किया गया था, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। यह दिन न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं।

गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अन्य प्राणियों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में भी कार्य करती है। गौरैया जैसे छोटे से पक्षी का इस तरह गायब होते जाना पर्यावरण में आ रहे गंभीर परिवर्तनों का संकेत है। शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई और पारंपरिक घरों की जगह कंक्रीट के भवनों ने इनके घोंसले बनाने की जगह को सीमित कर दिया है। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन भी इनके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता कम होती जा रही है।

पिछले दो-ढाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। इसी का असर गौरैया पर भी बड़े पैमाने पर पड़ा है। भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोंसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी आदि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया की आबादी घटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कई बार उनके घोंसले सुरक्षित स्थानों पर नहीं होने के कारण कौए तथा दूसरे हमलावर पक्षी उनके अंडों तथा बच्चों को खा जाते हैं। आज की पीढ़ी प्रकृति और पक्षियों से दूर होती जा रही है। गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी भी इसके अस्तित्व के लिए एक चुनौती है। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। पारंपरिक घरों की संरचना को ध्यान में रखते हुए घोंसला बनाने के लिए स्थान प्रदान करने की भी आवश्यकता है। कृषि में जैविक तरीकों को अपनाकर कीटनाशकों के उपयोग को कम किया जा सकता है, जिससे गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी। गौरैया को घोंसला बनाने में मदद करने के लिए लकड़ी या मिट्टी के छोटे घर बनाए जा सकते हैं। घर के आंगन या छतों पर अनाज और पानी रखने से गौरैया को भोजन प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। इसके अलावा मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक रेडिएशन को नियंत्रित करने के लिए सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिएं। गौरैया संरक्षण के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जरूरत है। हालांकि भारत सरकार और वन्यजीव संरक्षण संगठनों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गौरैया की संख्या बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना है। नेचर फॉरएवर सोसायटी, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी तथा अन्य संगठनों ने गौरैया संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। स्थानीय समुदायों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाने और इनका दायरा बढ़ाए जाने की बड़ी जरूरत है क्योंकि यदि हम अभी प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य में यह पक्षी केवल किताबों और कहानियों में ही बच पाएगा। इसलिए हमें मिलकर गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे ताकि गौरैया की चहचहाहट फिर से हमारे आंगन और बगीचों में गूंज सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने ही बुने जाल में फंसा अमेरिका

**अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**



तानाशाही और परमाणु हथियार बनाने का आरोप और इजरायल को ईरान के खिलाफ भड़काकर अमेरिका अब होने ही बुने जाल में फंस गया हैं, अब अमेरिका की हालत सांप के छछूंदर पकड़कर न निगलने वाली हों गई हैं, ए भी कह सकते हैं कि अमेरिका रणनीतिक जाल में फंसा महसूस कर रहा है, जहां से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इजराइल के साथ मिलकर शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के बाद से लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका की स्थिति एक ऐसी हड्डी जैसी हो गई है जिसे न उगला जा सकता है और न निगला। विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम को एक ऐसे जाल के रूप में देख रहे हैं, जहां ईरान के साथ बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बारूदी सुरंगों के बीच फंसे अमेरिका के पास हथियारों की कमी और युद्ध की अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह युद्ध सिर्फ ईरान तक सीमित न रहकर पूरे पश्चिम एशिया में फैल रहा है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज द्धैजतंपज वं भ्वतउन्न्ञ पर हमलों के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है, युवा सैनिकों को युद्ध में भेजने के मुद्दे पर अमेरिका में ही असहमति के स्वर उठ रहे हैं और पूर्व अधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ रहे हैं। रूसी हथियारों के दम पर ईरान आसानी से पीछे हटने वाला नहीं है, जिससे यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी जंग में तब्दील हो रहा है। मार्च 2026 के मध्य तक चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में अब तक लगभग 1,500-2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 1,300 से अधिक ईरानी, अमेरिकी सैनिक और इजरायल व खाड़ी देशों के अन्य नागरिक शामिल हैं। यह संघर्ष अभी भी जारी है, जिसमें हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव (2026) एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है। इस लड़ाई में अरब देश, जैसे कतर और बहरीन, अमेरिकी और इजरायली खेमे में और मजबूती से जुड़ सकते हैं, जिससे क्षेत्र में ईरानी प्रभाव को कम करने का प्रयास होगा। ईरान और अमेरिका के बीच ड्रोन हमलों के अलावा, बुनियादी ढांचे (जैसे जल संयंत्रों) को निशाना बनाकर जल युद्ध का खतरा भी बढ़ रहा है। इस युद्ध से ऐसा लग रहा हैं कि अमेरिका और ईरान के संबंध आने वाले समय में तनावपूर्ण बने रहेंगे और इसके सीधे असर मध्य पूर्व की सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर पड़ने की सम्भावना हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध और भारत को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता





**रजनीश कपूर**

आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है . तेल का दाम। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमे. रिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। मार्च 2026 की शुरुआत में ही सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत ईरान के कई बड़े नेता मारे गए। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध दो सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, को बंद किए जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

दुनियाभर के युद्ध व कूटनीति विशेषज्ञ इस पूरे मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। भारत के बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी स्पष्ट शब्दों में इस युद्ध का विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर उन्होंने बार-बार कहा, यह हमला गलत था। अमेरिका-इस्रराईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, सब सोच रहे थे कि ए केकवॉक होगा। लेकिन मैंने शुरू से चेता. वनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। यह असम. मित युद्ध लड़ेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमेरिका-इजराइल के महंगे इंटरसेप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो रडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के रडार, थाड बैटरी, अमे. रिकी बेस और इजराइल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमेरिकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ट्रंप ने सोचा था कि खामेनी मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुईं, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब ए अस्तित्व की लड़ाई है। वे आगे कहते है, होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमेरिका के लिए बॉडी बैग्स सैनिकों की मौत मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकती है। ट्रंप फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था, लेकिन खत्म करना मुश्किल। ए 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है। एकध्रुवीय दुनिया खत्म हो रही है। बहुध्रुवीय दुनिया मजबूत हो रही है। साधारण भारतीय के लिए यह युद्ध दूर की बात नहीं। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पेट्रोल 150-200 रूपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट ठप पद सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्गभी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संत. ुलन बनाए रखा है। इस युद्ध की बात करे तो, ईरान से हमें सस्ता तेल, इजराइल से हथियार और टेक्नोलॉजी और अमेरिका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमेरिका-इजराइल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इजराइल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहूके साथ ह्स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव कासमर्थन किया। खामेनी की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। जानकार मानते हैं कि भारत का ए फैसला गलत था, क्योंकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खतरे में पड़ गई। हम BRICS के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इजराइल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम का मध्यस्थ बन सकते हैं। लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एक तरफा रुख अपनाया।

भारत को तटस्थ रहना चाहिए था। दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। मोदी जी को इजराइल जाने के बजाय दोनों देशों के नेताओं से फोन पर बात करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजेक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमे. रिका-इजराइल के साथ खड़े होने से फायदा होगा। लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमेरिका के खिलाफ हमारा रणनी. तिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारतफन।क और ठत्प्ैदोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती, लेकिन क्या एक तरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो। भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए। तटस्थ रहकर शांति की बात करनी चाहिए। ईरान से संबंध वापसी सुधारने चाहिए। तेल आयात के वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। भारत की विदेश नीति हमेशा ह्सभी के साथ, किसी के खिलाफ नहीं रही है। मोदी सरकार को इस सिद्धांत पर लौटना चाहिए। क्योंकि अंत में भारत का हित सबसे ऊपर है। सस्ता तेल, सुरक्षित नौकरियां और मजबूत अर्थव्यवस्था। युद्ध में किसी एक का पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्ष लेना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




राजौरी। जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल गुलाम पुल से गुजरता वाहन।

## ईरान ने अमेरिका-इजरायल को गुप्त जानकारी देने के दोषी तीन को फांसी दी

**तेहरान।** ईरान ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने और इस साल की शुरुआत में हुई अशांति के दौरान अमेरिका और इजरायल के समर्थन में गति. विधियों को अंजाम देने के दोषी करार दिए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी। ये सजाएं ऐसे समय में दी हैं, जब इजरायल-अमेरिका से ईरान का संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। न्यायपालिका की वेबसाइट 'मीजान ऑनलाइन' के अनुसार, इन तीनों व्यक्तियों को जनवरी की अशांति में शामिल होने के लिए सजा सुनाई गई थी। उन पर हत्या और 'जायोनी शासन' तथा अमेरिका के पक्ष में काम करने का आरोप था।

## कतर पर दोबारा हमला हुआ, तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसा. इल और ड्रोन हमले किए, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे 'गुस्से में आकर' इजरायल ने हिसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिसक हमला किया है।

# टैरिफ गेम का पड़ रहा अमेरिका में उलटा असर

## अमेरिकी उद्योगों को नुकसान, देश का श्रमिक वर्ग भी नाराज




■ उद्योगपतियों ने उठाए सवाल कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रम्प के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है।

टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है। ट्रम्प के समर्थक उद्योग. पति जे. एलन ने कहा कि उद्योग. पतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रम्प को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रम्प के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कार्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबाक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है।

इसके चलते पावर ट्रावेल निर्माण के दाम एक लाख डालर तक हो सकते हैं। ट्रम्प ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा कि टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10 प्रतिशत बढ़ाई हैं। अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रम्प के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दरी. कनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। राबर्ट्स ने ट्रम्प या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक कृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर ने रास लाफान ऊर्जा केंद्र पर मिसाइल हमले की निंदा की

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रास लाफान औद्योगिक शहर पर हुए हमलों की निंदा करते हुए इस हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताया है और चेतावनी दी कि उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। रस लाफान कतर का प्रमुख एलएनजी उत्पादन केंद्र है, जहां गैस प्रसंस्करण, शोधन एवं बिजली उत्पादन की प्रमुख सुविधाएं स्थित हैं। इसका बंदरगाह विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक ऊर्जा परिसरों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात टर्मिनल शामिल है।

### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है। यह जानक. ारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।

### विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** चीन के साथ संबंधों के फिर से धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बीच भारत ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दुरई स्वामी, प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। दुरई स्वामी इससे पहले भी बीजिंग में भारतीय दूतावास में काम कर चुके हैं।

# बैकफुट पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

## कहा: इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा, युद्ध के दौरान पहली बार बदले सुर



■ इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रम्प बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रम्प देते रहे हैं।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रम्प को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प को यह कहना पड़ गया कि इजरायल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ। इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8 प्रतिशत है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70-75 प्रतिशत गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80 प्रतिशत बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजरायली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इजरायल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा। ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान काम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा।

यह काम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है। अमे. रिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात की। इस बात. चीत के बाद ही ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुता. बिक, ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इजरायल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है, लेकिन, अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका

■ ओमान बोला: ईरान से जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती, अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी

**तेहरान।** जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है। ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमे. रिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें। इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा।

## ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान का मुआवजा मांगा

■ यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है

■ कतर, कुवैत व यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया: इरावनी

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी। इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा कि कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी कि ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।

## कतर ने राष्ट्रपति सुरक्षा के लिए 'सीधे खतरे' को लेकर राष्ट्रसंघ से की अपील

■ कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका

**दोहा।** कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है।

संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है। इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थाई प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार, कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गई है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान के ये हमले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) को अपनाए जाने के बाद भी जारी रहे। इस प्रस्ताव का 136 देशों ने समर्थन किया था। इसमें कतर और पड़ोसी देशों पर ईरान के जघन्य हमलों की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की गई थी।

## आईएफएफडी करेगा दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों के लिए जहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी वहीं दिग्गज कलाकारों को भी देखने, सुनने का मौका मिलेगा। 25 से 31 मार्च 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल दिल्ली में हिंदी सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे कालजई पहचान मानी जाने वाली शर्मिला टैगोर को यह सम्मान उनके दशकों लंबे करियर और सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतरा: तुलसी गबार्ड

## अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ ने कहा: रूस-चीन इसी कैटेगरी में



■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (आईसी) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमे. रिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16000 से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं। साथ ही यह भी चिंता जताई गई कि अगर ईरान पर हमला होता है तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रम्प को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा।

# 12 इस्लामिक देशों ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

## संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई



■ प्रिंस फैसल ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है और इस बात पर बल दिया कि उचित समय पर सही निर्णय लिए जाएंगे

**रियाध/नई दिल्ली।** अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतर्राष्ट्रीय कानून एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी गजट के अनुसार, विदेश मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि ईरान के साथ संबंधों का भविष्य अन्य देशों की संप्रभुता के सम्मान, उनके आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप और पड़ोसी देशों को धमकाने के लिए सैन्य क्षमताओं का उपयोग करने से परहेज करने पर निर्भर करता है। उन्होंने ईरान से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) का पालन करने, सभी हमलों को तुरंत रोकने और किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से बचने का भी आग्रह किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को कमजोर करने की धमकी शामिल है।

बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि ईरान पर भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है और उसके मौजूदा व्यवहार को देखते हुए तेहरान को भागीदार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान की कार्रवाइयां दर्शाती हैं कि वह पड़ोसी देशों के साथ वास्तविक संवाद में विश्वास नहीं रखता बल्कि दबाव और राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी दबाव पर निर्भर है। उन्होंने पड़ोसी देशों और समुद्री नौवहन पर ईरानी हमलों को एक खतरनाक प्रसार एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया जो क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से एक निरंतर रणनीति को दर्शाता है।

## ईयू विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने की ईरान युद्ध को रोकने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह संघर्ष जारी रहा, तो इससे न केवल पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी, बल्कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ जारी प्रयासों को भी गहरा धक्का लगेगा। कल्लास ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रुसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान युद्ध से बाहर निकलना अब अनिवार्य हो गया है। कल्लास ने तर्क दिया कि इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार का स्वरूप बदल रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ मॉस्को को मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष को समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजना। उनके अनुसार, रूस इस स्थिति का फायदा उठा रहा है, इसलिए यूक्रेन को समर्थन दिखाना और इस युद्ध को रोकना बेहद जरूरी है ताकि कीव को रूस के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण न करना पड़े।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108